53 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या-25059/73(79) | डाक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24 | Web : muzaffarnagarbulletin.co.in




**अमृतवाणी**

जो दूसरों की राहों में अंधेरा करते हैं, उजाले उनको भी नसीब नहीं होते।

# मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

सम्पर्क सूत्र : 9368549219, 8077929606 | संस्थापक : स्व. उत्तम चन्द्र शर्मा | रोजाना आपकी सुबह की चाय पर

सूर्योदय - 5:21, सूर्यास्त - 7:22 | वर्ष : 53/ अंक : 176 | शुक्रवार, 27 जून 2025 | आषाढ़, शुक्ल पक्ष, द्वितीया | सम्वत् 2082 | मूल्य 3 रुपये | कुल पृष्ठ-4

**यह मुज़फ़्फ़रनगर है...**

खड़गे के लिए वही बड़ा है जहां सोनिया गांधी और राहुल गांधी हों : नितिन नवीन



शायद इसीलिए वे बिहार को भी छोटा मोटा राज्य बोल गए...

# दिल्ली से आई एनसीईआरटी टीम ने नगर में की छापेमारी, हड़कंप

**मुजफ्फरनगर, 26 जून (बु.)।** नगर की झांसी की रानी के निकट किताबों की दुकानों पर अचानक हुई छापेमारी से दुकानदारों में हड़कंप मच गया, जिसके बाद रघुवर सिंह दयाल बुक स्टॉल को क्लीन चिट देने के साथ एनसीईआरटी के अधिकारियों ने एक दुकान से डुप्लीकेट बुक पकड़कर सीज की कार्रवाई की। गुरूवार को नगर में शिक्षा विभाग और स्थानीय पुलिस की संयुक्त टीम ने एनसीईआरटी की डुप्लीकेट किताबें बेचने वालों के खिलाफ एक बड़ी कार्रवाई की। शहर के प्रमुख बाजारों और आसपास के इलाकों में स्थित कई किताबों की दुकानों पर एक साथ छापेमारी की गई। अचानक हुई कार्रवाई से दुकानदारों में हड़कंप जैसी स्थिति देखी गई। छापेमारी दल ने गुप्त सूचना के आधार पर यह कार्रवाई की, जिसमें पता चला था कि कुछ दुकानदार छात्रों और अभिभावकों को एनसीईआरटी की महंगी मूल किताबों के बजाय घटिया क्वालिटी की डुप्लीकेट प्रतियां बेच रहे थे। टीम ने कई दुकानों से लाखों रुपये मूल्य की डुप्लीकेट एनसीईआरटी की कुछ किताबें भी दुकानों से बरामद की है। इन किताबों की छपाई और कागज की गुणवत्ता बेहद खराब थी, जिससे छात्रों को पढ़ने में परेशानी हो सकती थी। छापेमारी के दौरान, कुछ दुकानदारों के दिल की धड़कनें थमी की थमी रह गई।

### कैसे पहचानें नकली एनसीईआरटी किताबें?

- **कागज की गुणवत्ता:** असली किताबों का कागज अच्छी गुणवत्ता का होता है, जबकि नकली का पतला और हल्का।
- **छपाई की स्पष्टता :** असली किताबों में छपाई स्पष्ट और साफ होती है, जबकि नकली में धुंधली या फीकी।
- **लोगो और वाटरमार्क :** एनसीईआरटी का लोगो और सुरक्षा वाटरमार्क ध्यान से देखें। नकली में ये अक्सर गायब या गलत होते हैं।
- **मूल्य :** अत्यधिक कम कीमत पर मिल रही किताब पर संदेह करें।



"एनसीईआरटी हेड क्वार्टर नई दिल्ली से आई टीम के रघुवर दयाल बताया कि, हमें लगातार एनसीईआरटी की डुप्लीकेट किताबों की शिकायतें मिल रही थीं। ये नकली किताबें न केवल छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ हैं, बल्कि इनसे सरकार को भी राजस्व का नुकसान होता है। हमारी टीम ने पूरी तैयारी के साथ यह कार्रवाई की है और आगे भी ऐसे तत्वों के खिलाफ सख्त अभियान जारी रहेगा। कार्रवाई के दौरान एक दुकान से मात्र एक डुप्लीकेट किताब मिली है, जिसको तुरंत कब्जे में लेकर सीज की कार्रवाई की गई है और भविष्य में ऐसी कोई भी डुप्लीकेट किताब या नियमों का उल्लंघन करते हुए कोई दुकानदार पाया गया, तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।"




### बुलेटिन ने पहले ही किया था आगाह, हुई थी बड़ी कार्रवाई

**मुजफ्फरनगर।** बुलेटिन ने अपने प्रकाशन में पहले ही जनपद में बिक रही डुप्लीकेट एनसीईआरटी की किताबों के धड़ल्ले से बिकने की खबर को अपने न्यूज पेपर में प्रकाशित कर नगर के लोगो को आगाह किया था, साथ ही ये भी बताया गया था कि इसका नुकसान कैसे और किस तरह से ये माफिया कर रहे हैं। ऐसे में एनसीईआरटी द्वारा छापेमारी की कार्रवाई की गई, तो बड़ी संख्या में डुप्लीकेट किताबों के जखीरे की बरामदगी मुजफ्फरनगर पुलिस द्वारा शिक्षा विभाग के अधिकारियों द्वारा आयुक्त रूप से की गई थी, जिसमें पुलिस ने कई लोगों को हिरासत में लेकर इस माफिया गैंग के कुछ सदस्यों को जेल भी भेजा था।

### कही देर से जागने के पीछे कोई गहरा राज तो नहीं...

**मुजफ्फरनगर।** एनसीईआरटी विभाग द्वारा पिछले दिनों हुई एक बड़ी कार्रवाई में अब सवाल भी खड़े होने लगे हैं। बताया ये भी जा रहा है कि उस समय कार्रवाई तब अमल में लाई गई] जब बच्चों के बैग में माफियाओं द्वारा खेले गए गेम का पूरा खेला खेला जा चुका था। मार्किट में माफिया द्वारा फेंके गए पासे में अब तक कितने बच्चे फंस चुके हैं और असली एनसीईआरटी की किताबों के जाल में बच्चे फंस चुके हैं, इसका पता जुलाई माह से खुलने वाले स्कूल कॉलेजों के बाद चालू कक्षाओं में पता चलेगा। अब असली और नकली किताबें बच्चों के बैग में पहुंचने के बाद उनको इसको लेकर कितनी परेशानी होगी ये तस्वीर आने वाले दिनों में शायद स्पष्ट हो जाएगी।

## कांवड़ यात्रा मार्ग पर खुले में मांस बिक्री पर रोक, दुकानदारों को नाम लिखना होगा नाम : योगी

**लखनऊ, 26 जून (एजेंसी)।** पिछले साल की तरह इस बार भी कांवड़ यात्रा मार्ग पर पड़ने वाली दुकानों में संचालक का नाम स्पष्ट रूप से प्रदर्शित करना होगा। साथ ही यात्रा मार्ग पर खुले में मांस बिक्री को प्रतिबंधित किया गया है। आगामी दिनों में पड़ने वाले त्योहारों के दृष्टिगत मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कानून-व्यवस्था की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए हैं कि यात्रा मार्ग पर खाद्य सामग्री की दरों को तय किया जाए। कहीं भी अधिक कीमत न वसूली जाए। मुख्यमंत्री ने बुधवार को अपने सरकारी आवास पर आगामी त्योहारों के मद्देनजर कानून-व्यवस्था को लेकर वरिष्ठ अधिकारियों के साथ उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक की। उन्होंने पुलिस आयुक्तों, मंडलायुक्तों, जिलाधिकारियों और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षकों से वीडियो कान्फ्रेंसिंग के जरिये कहा कि 11 जुलाई से नौ अगस्त तक पवित्र श्रावण मास रहेगा। इस दौरान पारंपरिक कांवड़ यात्रा, श्रावणी शिवरात्रि, नागपंचमी और रक्षाबंधन जैसे पर्व मनाए जाएंगे। 27 जून से आठ जुलाई तक जगन्नाथ रथ यात्रा तथा 27 जून से छह व सात जुलाई तक मोहर्रम के आयोजन संभावित हैं। यह समय प्रदेश की कानून-व्यवस्था, चिकित्सा, स्वच्छता, शिक्षा



और आपदा प्रबंधन के लिहाज से अत्यंत संवेदनशील है। इसलिए सभी संबंधित विभाग व जिला प्रशासन आपसी समन्वय के साथ कार्य करें। कांवड़ यात्रा को लेकर उन्होंने कहा कि उत्तराखंड सीमा से सटे जिलों सहित गाजियाबाद, मेरठ, बरेली, अयोध्या, प्रयागराज, काशी, बाराबंकी और बस्ती में विशेष सतर्कता बरती जाए। योगी ने निर्देश दिए कि यात्रा मार्ग पर म्युजिक सिस्टम, ढोल-ताशा और संगीत की ध्वनि निर्धारित मानकों के अनुरूप ही होनी चाहिए। तेज आवाज, भड़काऊ नारे और परंपरा से हटकर रूट

शेष खबर : पृष्ठ-4 पर

## जाहिल हरकत करने वाले के खिलाफ हाथों-हाथ पुलिसिया कार्यवाही, जेल भेजे गए रोटी पर थूकने वाले जनाब

**मुजफ्फरनगर, 26 जून (बु.)।** अंक शहर कोतवाली क्षेत्र के राज मार्केट में तंदूर में रोटी पर थूक लगाकर बनाने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है, जिसे बुलेटिन ने बुधवार के अंक में प्रमुखता से प्रकाशित किया था। बृहस्पतिवार को हाथोंहाथ उक्त जाहिलाना हरकत करने वाले जनाब को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी का चालान कर दिया है। रुड़की रोड पर स्थित राज मार्केट में लजीज चिकन होटल पर काम करने वाला एक कारीगर थूक लगाकर तंदूर में रोटी सेख रहा है। होटल पर खाना खाने के लिए आए किसी व्यक्ति ने उसका वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने से पुलिस में हड़कम्प मच गया। पुलिस ने वीडियो के आधार पर होटल को गुरुवार को चिन्हित कर लिया। उसके बाद पुलिस ने थूक लगाकर रोटी बनाने वाले कारीगर शाहनवाज निवासी दक्षिणी कृष्णापुरी को गिरफ्तार कर लिया है। थाना प्रभारी उमेश रोरिया ने बताया कि थूक लगाकर रोटी बनाने का वीडियो गुरुवार को वायरल हुआ था। पुलिस ने कारीगर को पकड़कर उसका चालान कर दिया है।



फाइल फोटो

## दिनदहाड़े किसान के घर लाखों रुपए की चोरी की वारदात से मचा हड़कम्प

**चरथावल, 26 जून (बु.)।** दिन-दिहाड़े किसान के घर लाखों की चोरी हो गयी। किसान परिवार सहित बीमार मां को देखने गया हुआ था, वहां से लौटने पर चोरी का पता चला। बदमाशों द्वारा रसोई घर के जंगले की जाली तोड़कर दो लाख की नगदी व लाखों रुपये के जेवरात चोरी कर लिये। पुलिस घटनास्थल की गहनता से जांच कर रही है। वहीं डॉग स्क्वायड एवं फोरेंसिक जांच टीम भी मौके पर पहुंची। चरथावल कस्बे के मौहल्ला मुर्दापट्टी निवासी किसान जुबेर ने पुलिस को बताया कि उसकी मां शम्मो 65वर्ष कई दिन से बीमार थी और उसका इलाज मुजफ्फरनगर अस्पताल में चल रहा है। आज सारा परिवार मकान का ताला लगाकर मां को देखने के लिए मुजफ्फरनगर गया था। करीब 4 बजे लौटे परिवार ने देखा कि रसोई के जंगले की जाली टूटी हुई थी। रसोई में रखी लोहे की टँकी का ताला खुला पड़ा है। जुबेर ने बताया कि बदमाशों ने टँकी के अंदर रखे दो लाख रुपये की नगदी व करीब पंद्रह तौले पीली व सफेद धातु के जेवरात चोरी कर लिये। नगदी व जेवरात चोरी होने पर परिवार भौंचक्का रह गया। माना जा रहा है कि बदमाशों ने छत के रास्ते मकान में घुसकर इस घटना को अंजाम दिया है। दिन-दिहाड़े हुई चोरी की घटना से सभी हतप्रभ है। सूचना पर चरथावल थाना प्रभारी जसवीर सिंह, कस्बा इंचार्ज सुरेंद्र सिंह व पुलिस बल के साथ





पहुंचकर घटनास्थल व आसपास के क्षेत्र की गहनता से जांच की। वहीं डॉग स्क्वायड एवं फोरेंसिक जांच टीम भी मौके पर पहुंची। पुलिस ने शीघ्र ही चोरी का खुलासा करने का आश्वासन दिया।

## आवारा कुत्ते का ग्रामीणों पर हमला, नौ लोग घायल

### ▶▶ कुत्ते के काटने से ग्रामीणों में दहशत, कुत्ते को पीट-पीटकर मार डाला

**सिखेड़ा, 26 जून (बु.)।** सिखेड़ा क्षेत्र के गांव बहादरपुर में आवारा कुत्ते ने ग्रामीणों पर हमला कर दिया। महिलाओं और बच्चों सहित नौ लोग कुत्ते के काटने से घायल है। आवारा कुत्ते के हमले से ग्रामीणों में दहशत फैल गई। ग्रामीणों ने कुत्ते को पीट-पीटकर मार डाला। घायलों ने गांव के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर एंटी रेबीज वैक्सीन लगाकर उपचार कराया। गुरुवार की सुबह क्षेत्र के गांव बहादरपुर में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के पास स्थित बस्ती में आवारा कुत्ते ने हमला कर तीन वर्षीय शिवम, 12 वर्षीय निर्भय को काटकर घायल कर दिया। इसके बाद गांव में अंदर घुसकर महिला शिवानी, सचिन, राजो, अमन, अंकित, शिव व अक्षिता को घायल कर दिया। आवारा कुत्ते के द्वारा नौ लोगों को काटने से ग्रामीणों में दहशत फैल गई। ग्रामीणों ने कुत्ते को घेरकर लाठी-डंडों से पीटकर मार डाला। ग्रामीणों ने बताया कि आवारा कुत्ते को मारने के बाद उसे गांव के बाहर गड्ढा खोदकर दबा दिया है। स्वजन







घायलों को लेकर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर पहुंचे। डॉ. राकेश बंसल ने बताया कि कुत्ते के काटने से घायल हुए नौ लोग प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर आए थे। सभी घायलों को एंटी रेबीज वैक्सीन लगाया गया। उन्हें प्राथमिक उपचार देकर घर भेज दिया है। ग्रामीणों ने बताया कि रजवाहे की पटरी पर इसी प्रकार के लगभग एक दर्जन कुत्ते झुंड बनाकर रहते हैं। ग्रामीणों ने अधिकारियों से उन्हें पकड़वाने की मांग की है।

## महिला को किडनैप कर डेढ़ माह में 2 बार किया गैंगरेप

### ▶▶ रतनपुरी थाने के दारोगा की भूमिका है संदिग्ध ▶▶ पीड़िता ने पिता के साथ गांव से किया पलायन

**बुढ़ाना, 26 जून (बु.)।** एक महिला की मदद से गांव के 4 लोगों ने एक विवाहिता के संग लगभग डेढ़ महीने के भीतर उसे अलग-अलग स्थानों पर ले जाकर 2 बार गैंगरेप की घटना को अंजाम दिया। पहले वाले मामले में तो थाने में तैनात एक दारोगा ने पीड़िता पर ही दबाव बनाकर और आरोपियों से धमकी दिलवाकर एफआर लगा दी थी, तो रतनपुरी पुलिस द्वारा क्लीनचिट मिल जाने से बैखोफ चारों आरोपियों ने फिर दोबारा से विवाहिता को अपने साथ ले जाकर कई दिनों तक गैंगरेप की घटना को अंजाम दिया और उसके अश्लील वीडियो बना सोशल मीडिया पर वायरल करने की धमकी दी। अब पुलिस पीड़िता को बदचलन बता, उसकी रिपोर्ट दर्ज नहीं कर रही है। उधर विवाहिता 3 दिनों से अपने गांव से पलायन कर बुढ़ाना क्षेत्र में रह रही है, जबकि चारों आरोपी विवाहिता से फिर तीसरी बार बदनीयति करने के उद्देश्य से उसे तलाश रहे हैं और पुलिस किसी बड़ी घटना की इंतजार में है।



मिली जानकारी के अनुसार यह मामला बुढ़ाना सर्किल के रतनपुरी थाना क्षेत्र की कल्याणपुर चौकी क्षेत्र के एक गांव का है, जिसमें एक शादीशुदा महिला को उसके गांव के ही मनव्वर, नीशू और सदाकत ने जाहिदा नामक एक महिला की मदद से उसके घर में घुसकर उसके परिजनों की गैर मौजूदगी में अपहरण कर दिल्ली के नरेला में ले जाकर गैंगरेप किया था, जिसमें पुलिस ने बड़ी मुश्किल से मामला दर्ज किया था। इस मामले में एक दारोगा की भूमिका संदिग्ध रही। जिसने आरोपियों को बचाने के उद्देश्य से आरोपियों से रुपये तो लिए ही बल्कि पीड़िता से भी आरोपियों के विरुद्ध कार्यवाही करने के नाम पर 50 हजार रुपये हड़प लिए, मगर आरोपियों के खिलाफ कोई भी कार्यवाही नहीं की उल्टे आरोपियों से उसके मासूम बच्चे की हत्या करने का डर दिखवाकर कोर्ट में आरोपियों के पक्ष में ही ब्यान दिलवाकर जबरदस्ती फैसला करवा दिया। इस केस में सबसे अजीब बात यह भी रही दरोगा ने दबाव में फैसला कराकर अपने सामने ही पीड़िता को आरोपियों के साथ बीते 8 मई को ये धमकी देकर भिजवा दिया कि यदि वो इनके साथ नहीं गयी, तो ये सब तेरी हत्या कर देंगे। इस धमकी से डरकर पीड़िता आरोपियों के साथ चली गयी तो आरोपियों ने पीड़िता को गांव में ही एक मकान में बंधक बनाकर उसके साथ फिर से गैंगरेप कर उसकी अश्लील वीडियो बनाकर उसे ब्लैकमेल किया और कई दिन तक गैंगरेप की घटना को अंजाम दिया और कहा कि अब पुलिस तेरा यकीन नहीं करेगी, क्योंकि तू हमें पुलिस से क्लीन चिट दिला चुकी है। आरोप है कि आरोपी मनव्वर, नीशू, सदाकत व शोएब ने अलग अलग दिनो में जबरदस्ती उसकी इच्छा के विरुद्ध गैंगरेप की घटना को अंजाम दिया था। बीती 24 जून को पीड़िता किसी तरह से वहां से भाग आई और अपने परिजनों को घटना की सूचना थी। तब परिजन पीड़िता को रतनपुरी थाने लेकर पहुंचे, तो पुलिस ने पीड़िता को बदचलन कहकर भगा दिया। पीड़िता बीते 25 जून को बुढ़ाना में राज्य महिला आयोग की सदस्या सपना कश्यप से मिली, तो उसके सीओ बुढ़ाना ऑफिस में ब्यान दर्ज हुए। बृहस्पतिवार को पीड़िता फिर सीओ ऑफिस आई और एक प्रार्थना पत्र देकर आरोपियों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही की गुहार लगाई। पीड़िता 3 दिन से गांव से पलायन किए हुए हैं। आरोपी उसके साथ फिर से बदनीयती करने के उद्देश्य से उसे ढूंढ रहे हैं, जबकि पुलिस किसी बड़ी घटना का इंतजार कर रही है।

## सावधान...मुजफ्फरनगर की सड़कों पर कुत्तों का कब्जा

**मुजफ्फरनगर, 26 जून (बु.)।** शहर कोतवाली क्षेत्र के रामपुरी में आवारा कुत्तों का आतंक अब बेकाबू हो चुका है। लोगों की ज़िंदगी सड़कों पर सुरक्षित नहीं रही। ताजा मामला शहर कोतवाली क्षेत्र के रामपुरी का है, जहां 4 मासूम बच्चों और एक युवक पर आवारा कुत्तों ने हमला कर लहूलुहान कर दिया। घायलों का अस्पताल में इलाज जारी है, लेकिन सवाल उठ रहा है कि आखिर जिम्मेदार अफसर कब नींद से जागेंगे? क्षेत्र के लोगों का आरोप है कि नगर पालिका सिर्फ दिखावे में लगी है, जमीनी स्तर पर कोई काम नहीं हो रहा। रोजाना शहर के अलग-अलग इलाकों से कुत्तों के काटने की

**रामपुरी में चार मासूम बच्चे और युवक पर आवारा कुत्तों का हमला, हालत गंभीर**




घटनाएं सामने आ रही हैं। बच्चों से लेकर बुजुर्ग तक खौफ में जी रहे हैं। लोगों का कहना है कि प्रशासन और नगर पालिका सिर्फ बैठकों में बातें बना रही है, लेकिन सड़कों पर कुत्तों का आतंक दिन-ब-दिन बढ़ता जा रहा है। अगर जल्द कार्रवाई नहीं हुई, तो शहर में हालात और बिगड़ सकते हैं। अब शहर का ऐसा कोई मौहल्ला या गली नहीं है, जहां आवारा कुत्ते न हो। शहर के सड़कों से लेकर छोटे से छोटे गली-मौहल्ले में इनका आतंक चल रहा है, जो हर दिन हर मौहल्ले-गली में किसी न किसी को काटते जरुर है। लगातार इनका आवारा कुत्तों का आतंक बढ़ता ही जा रहा है। इसके बाद भी जिम्मेदार नगर पालिका इस ओर जरा भी ध्यान नहीं दे रही है, जिसकी वजह से डाग बाइट के मामले बढ़ने के साथ ही इनकी संख्या में तेज गति से बढ़ते ही जा रही है। यदि इन्हें पकड़ा नहीं गया और संख्या

शेष खबर : पृष्ठ-4 पर

## महिला से छेड़छाड़ व दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

**भोपा, 26 जून (बु.)।** थाना क्षेत्र के एक गांव में जंगल गई महिला से छेड़छाड़ कर दुष्कर्म की घटना को अंजाम देने के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। भोपा थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने भोपा थाने पर मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया था कि उसके गांव का ही रिहान उर्फ कल्लू उस पर बुरी नियत रखता है। महिला ने बताया था कि बीते माह वह अपने खेत में काम करने के लिए गई थी, तभी आरोपी उसके पास आ गया और उसके साथ छेड़छाड़ करने लगा जब उसने आरोपी का विरोध किया, तो आरोपी ने उसके साथ मारपीट की। महिला ने शोर मचाया, तो शोर सुनकर कुछ ही दूरी पर दूसरे खेत में काम कर रहा महिला का पति मौके पर आ गया, जिसने आरोपी की हरकत का विरोध किया, तो आरोपी ने उसके साथ भी मारपीट की और जान से मारने की धमकी देकर फरार हो



गया। पीड़िता ने बताया था कि आरोपी उससे पूर्व भी उसके साथ कई बार छेड़छाड़ कर चुका था। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था। न्यायालय में बयान के दौरान महिला ने आरोपी पर दुष्कर्म करने का भी आरोप लगाया था। थाना प्रभारी ओम प्रकाश सिंह ने बताया कि पुलिस ने आरोपी रिहान उर्फ कल्लू को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

## झांसा देकर 2 करोड़ रुपये से अधिक की ठगी करने का आरोपी गिरफ्तार

**मुजफ्फरनगर, 26 जून (बु.)।** साइबर क्राइम पुलिस व क्राइम ब्रांच की संयुक्त टीम ने फर्जी बीमा कम्पनी बनाकर लोगों को पॉलिसी में पूर्ण भुगतान दिलाने का झांसा देकर 2 करोड रुपये से अधिक की ठगी करने वाले एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी पर 15 हजार का इनाम घोषित था। गिरफ्तार आरोपी जनपद में पंजीकृत डी-95 गैंग का सक्रिय सदस्य है। गिरफ्तार आरोपी अपने साथियों के साथ देश के विभिन्न राज्यों में लोगों से ठगी कर चुका है।

एसएसपी संजय कुमार वर्मा ने प्रेसवार्ता करते हुए बताया कि जनवरी माह में रिटायर्ड राजकीय अधिकारी से अज्ञात आरोपियों ने कूटरचित प्रपत्रों के आधार पर नेशनल इंश्योरेंस रिपोजटरी एनएसडीएल बैंक का अधिकारी बनकर पॉलिसी में लाभ का लालच देकर विभिन्न टैक्स के रूप में 18.57 लाख रुपए की ठगी की थी। साइबर क्राइम थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास शुरू किए। साइबर क्राइम पुलिस थाना प्रभारी सुल्तान सिंह ने अपनी टीम के साथ ठगी करने में शामिल 15 हजार के इनामी शौकीन निवासी गांव शेरनगर थाना नई मंडी को उसके मकान से गिरफ्तार कर लिया है। गैंग के दो साथी लोकेन्द्र निवासी गाजियाबाद मूल निवासी स्याना बुलंदशहर व अशोक निवासी बुलंदशहर पहले से ही जेल में बंद है। पूछताछ में आरोपी ने पुलिस को बताया कि वह अपने साथियों के साथ मिलकर बुजुर्ग व रिटायर्ड लोगों पालिसी में बोनस के पूर्ण भुगतान का झांसा देकर ठगी करते थे। यह गैंग विभिन्न राज्यों में 12 से अधिक लोगों से 2 करोड से अधिक की ठगी कर चुका है। पुलिस ने अभी तक गैंग के छह बैंक खाते ट्रेस किए हैं। आरोपियों द्वारा बनाई गयी फर्जी कम्पनी नेशनल इंश्योरेंस रिपोजटरी एनएसडीएल व इंफ्रा ट्रेडिंग कम्पनी है।




### फर्जी बैंक खाते खुलवाए गए

पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी ने अपने साथी उस्मान व मुस्तकीम निवासीगण दोघट बागपत के साथ मिलकर लोगों को लालच देकर उनके फर्जी तरीके से बैंकों में खाते खुलवाए और धोखे से मिले पैसों को फर्जी बैंक खातों में ट्रांसफर कराया था। सभी बैंक खातों के उनके पास एटीएम होते हैं। पैसा ट्रांसफर होने के बाद अपराधी एटीएम के जरिये बैंक खातों से पैसे निकाल लेते थे। पुलिस द्वारा छह बैंक खातों को ट्रेस कर लिया गया है, जिसमें चार बैंक खातों की डिटेल साइबर क्राइम थाना पुलिस द्वारा जुटा ली गयी है, जबकि दो बैंक खातों की जानकारी की जा रही है।

### इन राज्यों में मिली शिकायतें दर्ज

**मुजफ्फरनगर।** एसएसपी ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी व उसके साथियों ने वेस्ट बंगाल, गुजरात के सूरत, कर्नाटक, राजस्थान, प्रयागराज, देहरादून, महाराष्ट्र राज्यों में साढे 21 लाख रुपए की ठगी की शिकायत दर्ज है। साइबर क्राइम थाना पुलिस ने विभिन्न राज्यों की पुलिस से सम्पर्क किया है। गिरफ्तार आरोपी शौकीन के खिलाफ नई मंडी, साइबर क्राइम थाना व दिल्ली के शाहदरा में 7 अपराधिक मामले दर्ज हैं। थाना प्रभारी सुल्तान सिंह ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी जनपद में पंजीकृत डी-95 गैंग का सक्रिय सदस्य है। इस गैंग का लीडर उसका पिता अय्यूब है। गिरफ्तार आरोपी ने अपने गैंग के अपराधिक गतिविधियों से हटकर साइबर अपराध की राह पकड़ी थी।

## तारीख गवाह है
## आज का इतिहास

**नयी दिल्ली, 26 जून (वार्ता)।** भारतीय एवं विश्व इतिहास में 27 जून की महत्त्वपूर्ण घटनाएँ इस प्रकार है। 1693- लंदन में महिलाओं की पहली पत्रिका लेडीज मरकरी का प्रकाशन शुरू हुआ। 1838- बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय का जन्म हुआ था, बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय ही राष्ट्रगीत के रचयिता हैं। 1867- बैंक ऑफ कैलिफार्निया का संचालन शुरू। 1893- पंजाब के महाराज रणजीत सिह का निधन। महाराज रणजीत सिख साम्राज्य के संस्थापक थे। 1914- अमेरिका ने इथियोपिया के साथ वाणिज्य संधि पर हस्ताक्षर किए गए। 1940- रोमानिया पर सोवियत सेना ने हमला किया। 1957- ब्रिटेन की मेडिकल रिसर्च काउंसिल ने 25 वर्ष के रिसर्च के आधार पर एक रिपोर्ट जारी की थी। रिपोर्ट में बताया गया था कि धूम्रपान के कारण फेफड़ों का कैंसर होने का खतरा रहता है। 1964- भारत के प्रथम प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू का संग्रहालय तीन मूर्ति भवन को बनाया गया। 1967- विश्व का पहला एटीएम लंदन के एनफील्ड में स्थापित किया गया। 1967- भारत में निर्मित प्रथम यात्री विमान एसएच 748 को इंडियन एयरलाइंस को सौंपा गया। 1991- युगोस्लाविया की सेना ने स्लोवेनिया पर हमला किया था। इस देश को मात्र स्वतंत्र हुए 48 घंटे ही हुए थे। इसी अवधि के भीतर इस छोटे से देश पर हमला कर दिया गया। 2002- जी-8 देश परमाणु हथियार नष्ट करने की रूसी योजना पर सहमत हुआ। 2003- समलैंगिकता पर अमेरिका में प्रतिबंध रद्द हुआ। 2005- ब्रिटेन ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में भारत की वीटो रहित स्थायी सदस्यता का समर्थन किया। 2008- बिल गेट्स ने अपने माइक्रोसॉफ्ट कारपोरेशन चेयरमैन पद से इस्तीफा दिया। 2008- भारत- पाकिस्तान ने ईरानी गैस पाइप लाइन परियोजना को शुरू करने के लिए आ रही बाधाओं को दूर किया। 2008- 1971 की लड़ाई में भारतीय सेना की पाकिस्तान के खिलाफ विजय में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले पूर्व थलसेनाध्यक्ष सैम मानेकशॉ का निधन हुआ।

## सर्राफा बाजार

**मुजफ्फरनगर, 26 जून, (बु.)।** मुजफ्फरनगर सर्राफा बाजार के भाव इस प्रकार रहेः-

| | | | |
|---|---|---|---|
| सोना- | 98100 | चांदी- | 106400 |
| सिक्का- | 1130 | गिन्नी- | 73080 |

## आपका आज का राशिफल
**शुक्रवार, 27 जून, 2025**

**मेष-** कठिनाइयों से अशांति, प्रगति में व्यवधान, पारिवारिक उलझनें, आर्थिक लेन-देन में नुकसान, शत्रुहानि पहुँचाने की दिशा में प्रयासरत, व्यर्थ भ्रमण।
**वृषभ-** व्यापार में धन निवेश, मित्रों से अपेक्षित सहयोग, मनोरंजन की ओर रुझान, कर्ज की निवृत्ति का प्रयास, प्रेम सम्बन्धों में मधुरता, सामाजिक कृत्यों में अभिरुचि।
**मिथुन-** समय आशाजनक, विवादास्पद मसला हल होने को, विरोधी परास्त, वैमनस्यता का समापन, मंगल आयोजन सम्पन्न, सुख के साधन सुलभ। यात्रा सुखद।
**कर्क-** स्वास्थ्य अनुकूल, आपसी सौहार्द्र, आहार-विहार में नवीनता, अध्ययन में रचनात्मक गतिविधियों में वृद्धि, किसी योजना को मूर्त रूप में परिणित।
**सिंह-** भाग्योदय का मार्ग अवरुद्ध, कठिनाइयों से अशांति, दाम्पत्य जीवन असंतोषजनक, लापरवाही हानिकारक, पठन-पाठन में अरुचि, यात्रा निरर्थक।
**कन्या-** दिनमान अनुकूल, आरोग्य सुख में वृद्धि, विवाद समापन पक्ष में, इच्छित पद की प्राप्ति, स्वजनों से अपेक्षित सहयोग, धन की प्राप्ति, सम्मान में वृद्धि।
**तुला-** व्यवसायिक क्षेत्र में प्रगति, स्वास्थ्य सुधार पर, मनोविनोद के सुअवसर प्राप्त, आवागमन में अनुकूलता, मनोरंजन की ओर रुझान, मानसिक शांति।
**वृश्चिक-** कठिनाइयों का निराकरण, वरिष्ठजनों से अपेक्षित सहयोग, स्वविवेक से लिया गया निर्णय हितकर, सुख के जरूरी साधन उपलब्ध, हर्षोल्लास का वातावरण।
**धनु-** आशा अधूरी, पारिवारिक दायित्व की पूर्ति का प्रयास असफल, राजकीय पक्ष से कष्ट, कार्य-व्यवसाय में निराशा, मानसिक बेचैनी, लाभ का मार्ग अवरुद्ध।
**मकर-** योजना की पूर्ति हेतु प्रयत्नशील, आत्मसंयम से कार्य-सिद्धि, सद्विचारों का उदय, मानसिक शांति, प्रतियोगिता के क्षेत्र में सफलता, वैमनस्यता का समापन।
**कुम्भ-** ग्रहस्थिति भाग्य के पक्ष में, व्यावसायिक उन्नति हेतु नवप्रयास, इच्छानुकूल घटनाएँ घटित, लाभकारी मार्ग प्रशस्त, सामाजिक गतिविधियों में अभिरुचि।
**मीन-** विचाराधीन योजना को मूर्त रूप में परिणित, परिस्थितियों में क्रमिक सुधार, परिजनों के माध्यम से बकाए धन की वसूली, अध्यात्म के प्रति आस्था।

विमल जैन, हस्तरेखा विशेषज्ञ, रत्न परामर्शदाता, फलित अंक व ज्योतिषी एवं वास्तुविद्, एस-2/1-76,ए, वर्धन भवन, द्वितीय तल, आकांक्षा हॉस्पिटल के पास, टैगोर टाऊन एक्सटेंशन (महावीर मंदिर टू यू.पी. कालिज रोड) भोजूबीर, वाराणसी-221002 मोबाइल 9335414722

**बेदखली सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा पुत्र कपिल भाटिया व पुत्रवधू तनु भाटिया मेरे व मेरे परिवार के कहने-सुनने में नहीं है। इसलिए मैंने व मेरे परिवार ने कपिल भाटिया व उसकी पत्नी तनु भाटिया से अपने सभी सम्बंध विच्छेद करते हुए उन्हें अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। आज के बाद हमारा कपिल भटिया व उसकी पत्नी तनु भाटिया से कोई सम्बंध किसी प्रकार का नहीं है। उनके द्वारा किये गये किसी भी लेन-देन अथवा वाद-विवाद का मैं व मेरा परिवार जिम्मेदार नहीं होंगे।

कीर्ती भूषण पुत्र शोभराज भाटिया
मकान नं. 645, गाँधी कॉलोनी
मुजफ्फरनगर



संस्थापक सम्पादक एवं हमारे प्रेरणास्रोत स्व. उत्तमचन्द्र शर्मा

**मुजफ्फरनगर बुलेटिन**

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक श्रीमति पूजा दुआ ने 'मुजफ्फरनगर बुलेटिन' प्रातःकालीन दैनिक 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर को 'दैनिक बुलेटिन प्रेस' 223-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से मुद्रित कराकर 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से प्रकाशित किया।
सम्पादक-अंकुर दुआ
(प्रकाशक)-98370-42840, 94127-10840
(विज्ञापन)-9368549219 (नि.) 7983359929
सम्पादक-9412210257
E-mail :
muzaffarnagar_bulletin@yahoo.co.in
muzaffarnagar_bulletin@rediffmail.com

# खामनेई बोले- ईरान ने अमेरिका के चेहरे पर तमाचा मारा




**नई दिल्ली, 26 जून (एजेंसी)।** ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामनेई ने कहा, उनके देश ने 'अमेरिका के चेहरे पर तमाचा मारा है।' उन्होंने भविष्य में होने वाले किसी भी अमेरिकी हमले के खिलाफ चेतावनी भी दी। उनकी यह टिप्पणी इसलिए अहम है क्योंकि 12 दिनों के वार-पलटवार के बाद इस्राइल के साथ संघर्षविराम हुआ और अब खामनेई ने पहली सार्वजनिक टिप्पणी की है। गुरुवार को खामनेई का संदेश देश के सरकारी टेलीविजन पर प्रसारित हुआ। रिपोर्ट्स के मुताबिक 19 जून के बाद पहली बार सार्वजनिक तौर पर मीडिया के सामने आए खामनेई पहले से अधिक थके और शारीरिक रूप से थोड़े कमजोर भी दिखे। इस्राइल के साथ जारी संघर्ष के बीच अमेरिकी हस्तक्षेप को लेकर खामनेई ने कहा, अमेरिका ने युद्ध में केवल इसलिए हस्तक्षेप किया क्योंकि उसे लगा कि अगर हस्तक्षेप नहीं किया गया, तो इस्राइल में यहूदी शासन पूरी तरह से नष्ट हो जाएगा। खामनेई ने कहा कि अमेरिका को इस युद्ध से "कोई लाभ नहीं हुआ। उन्होंने कहा, इस्लामी गणराज्य विजयी रहा। बदले में ईरान ने अमेरिका के चेहरे पर तमाचा मारा। उन्होंने कथित तौर पर सोमवार को कतर में अमेरिकी सैन्य अड्डे- अल उदीद पर ईरानी मिसाइल हमले की तरफ संकेत दिया। हालांकि, ईरान के इस हमले में कोई हताहत नहीं हुआ। खामनेई ने चेतावनी दी और कहा, ऐसी कार्रवाई भविष्य में भी दोहराई जा सकती है। उन्होंने कहा कि ईरान इस क्षेत्र (पश्चिम एशिया) में अमेरिका के प्रमुख केंद्रों तक आसानी से पहुंच सकता है। जब भी जरूरी होगा, ईरान कार्रवाई कर सकता है। चेतावनी भरे लहजे में ईरान के सुप्रीम लीडर ने कहा, अगर कोई आक्रमण होता है, तो दुश्मन को निश्चित रूप से भारी कीमत चुकानी पड़ेगी। गौरतलब है कि 86 वर्षीय खामनेई बीते 13 जून को इस्राइल के साथ टकराव शुरू होने के बाद से सार्वजनिक रूप से नहीं देखे गए थे। इस्राइली सेना ने ईरान के परमाणु ठिकानों, प्रमुख सैन्य कमांडरों और वैज्ञानिकों को निशाना बनाया था। इसके बाद खामनेई गुप्त स्थान पर चले गए थे। सीजफायर होने के दो दिन बाद गुरुवार को देश की जनता को संबोधित करने सामने आए खामनेई भूरे रंग के साधारण परदों के सामने बैठकर संदेश दिया। उन्होंने 19 जून को भी ऐसा ही किया था।

## रेलवे ट्रैक पर महिला ने दौड़ाई कार

**हैदराबाद, 26 जून (एजेंसी)।** कई बार लोग कुछ हैरानजनक बेवकूफियां कर देते है, जिसको लेकर आदमी हैरत में पड़ जाता है, ऐसे ही शराब के नशे में धुत महिला ने रेलवे ट्रैक पर कार दौड़ा दी। जब रेल अधिकारियों ने ट्रैक पर कार देखी तो उनके होश उड़ गए। अधिकारियों ने महिला को रोकने की कोशिश की तो उसने कार की स्पीड बढ़ा दी। ऐसे में रेलवे के अधिकारियों ने भी कुछ दूर तक कार का पीछा करने के बाद हार मान ली। महिला गाडी रोकने को तैयार ही नहीं थी, वहां कैसे आई कुछ स्पष्ट नहीं हो पाया है, इस मामले की जानकारी रेलवे स्टेशन को दी गई। इसके बाद बेंगलुरू-हैदराबाद लाइन पर ट्रेनों को रोक दिया गया। थोड़ी देर बाद जब महिला कार को पटरियों से नीचे ले गई तो हालात सामान्य हुए। वहीं इस मामले में बताया जा रहा है कि महिला शराब के नशे में थी। इसी वजह से उसने यह हरकत की है। अधिकारियों ने इस घटना को लेकर जांच शुरू कर दी है और यह पता लगाने की कोशिश कर रहे हैं कि शराबी महिला कार लेकर रेलवे ट्रैक पर कैसे पहुंची? इस घटना के कई वीडियो भी सामने आए हैं, जिनमें एक कार पटरियों पर दौड़ती हुई नजर आ रही है। घटना शंकरपल्ली रेलवे स्टेशन के पास हुई। रेल अधिकारियों ने बताया कि ट्रैक पर कार को देख सभी अधिकारी और कर्मचारी हैरान रह गए। पूरे स्टाफ में हड़कंप मच गया। एहतियातन बेंगलुरू-हैदराबाद के बीच ट्रेनों को रोक दिया गया। जब कार पटरी से बाहर गई तो रेल सेवाएं दोबारा शुरू हुईं। तब तक रेल सेवाओं कि स्थगित कर दिया गया था। पटरी पर दौड़ती कार को देखकर रेलवे के कर्मचारी और अधिकारी हैरान रह गए। उन्होंने कार को रोकने की कोशिश की, लेकिन शराबी महिला ने कार की स्पीड बढ़ा दी। ऐसे में रेल कर्मचारियों ने कार का पीछा करना शुरू किया और उस ट्रैक पर चलने वाली ट्रेनों को रोक दिया गया। थोड़ी दूर चलने के बाद महिला ने कार पटरी से उतार दी। ऐसे में कार नीचे उतरकर पेड़ों से टकरा गई और रुक गई। इसके बाद सभी ने राहत की सांस ली। कार के पेड़ से टकराने से उसके शीशे टूट गए थे। रेलवे पुलिस ने महिला को हिरासत में लिया और बाद में खुलासा किया कि वह शराब के नशे में थी।

# रुद्रप्रयाग में नदी में गिरा टैम्पो ट्रैवलर, दो शव बरामद, दस लापता, बचाव अभियान जारी



**देहरादून/रूद्रप्रयाग, 26 जून (वार्ता)।** उत्तराखंड के रूद्रप्रयाग जिले में ऋषिकेश-बदरीनाथ राजमार्ग पर घोलतीर के समीप गुरुवार सुबह एक टेंपो-ट्रेवलर के अलकनंदा नदी में गिरने के बाद दो शव बरामद किये और दस यात्री अभी लापता हैं। बस में बैठे यात्री गुजरात, मध्य प्रदेश, राजस्थान और महाराष्ट्र निवासी हैं। रूद्रप्रयाग के पुलिस अधीक्षक (एसपी) अक्षय प्र''ाद कौन्डे ने आज अपराह्न बताया कि रुद्रप्रयाग से लगभग 12 किलोमीटर आगे घोलतीर के पास 21 सीटर टैम्पो-ट्रेवलर अनियंत्रित होकर लगभग 300 मीटर गहरी खाई में गिरने के बाद अलकनंदा नदी में समा गया। उन्होंने बताया कि यह बस सुबह रुद्रप्रयाग से बद्रीनाथ की ओर जा रही थी। उन्होंने बताया कि बस में कुल 20 लोग सवार थे। हादसे के दौरान आठ लोग बस से छिटककर बाहर गिर गए थे, जिन्हें तत्काल रेस्क्यू किया गया। इनमें से चार गंभीर घायलों को हेली एम्बुलेंस के माध्यम से एम्स ऋषिकेश भेजा गया, जबकि अन्य चार का इलाज जिला अस्पताल रुद्रप्रयाग में चल रहा है। अब तक दो शव बरामद किए जा चुके हैं, जिनके नाम विशाल सोनी (42) निवासी राजगढ़ मध्य प्रदेश, और ड्रिमी (17) निवासी सिलिकॉन पैलेस सूरत गुजरात के रूप में हुई है। श्री कौन्डे ने बताया कि लापता दस व्यक्तियों में रवि भवसार निवासी शास्त्री सर्किल उदयपुर राजस्थान, मौली सोनी निवासी पूना कुंभरिया रोड सूरत गुजरात, ललित कुमार सोनी निवासी गोगुंडा राजस्थान, गौरी सोनी निवासी राजगढ़ मध्य प्रदेश, संजय सोनी निवासी शास्त्री सर्किल उदयपुर राजस्थान, मयूरी निवासी सूरत गुजरात, चेतना सोनी निवासी उदयपुर राजस्थान, चेष्ठा, निवासी सिलिकॉन पैलेस सूरत गुजरात, कट्टा रंजना अशोक निवासी मीरा रोड महाराष्ट्र और सुशीला सोनी निवासी उदयपुर राजस्थान सहित कुल दस यात्री शामिल थे। जिनकी तलाश की जा रही है। बचाव अभियान के दौरान, नदी के तेज बहाव, विषम भौगोलिक परिस्थितियों एवं गहराई के कारण कार्य अत्यंत चुनौतीपूर्ण बना हुआ है। उन्होंने बताया कि राज्य आपदा मोचन बल (एसडीआरएफ), राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ), जिला पुलिस, फायर सर्विस और अन्य एजेंसियों की संयुक्त टीम का घटनास्थल पर लगातार तलाश अभियान जारी है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि प्रारंभिक जांच में वाहन चालक की लापरवाही तथा संभावित तकनीकी खराबी को दुर्घटना का कारण माना जा रहा है। मामले की गंभीरता को देखते हुए कोतवाली रुद्रप्रयाग में भारतीय न्याय संहिता की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

## एफ-35बी ब्रिटिश लड़ाकू विमान की मरम्मत के लिए ब्रिटेन से विशेषज्ञ टीम अगले सप्ताह केरल पहुंचेगी



**तिरुवनंतपुरम, 26 जून (वार्ता)।** ब्रिटिश रॉयल नेवी के लड़ाकू विमान एफ-35बी की मरम्मत के लिए ब्रिटेन से विशेषज्ञों का एक दल अगले सप्ताह उपकरणों के साथ केरल में पहुंचेगा। गौरतलब है कि ब्रिटेन के एफ-35बी तकनीकी खराबी आने के कारण 14 जून की रात को तिरुवनंतपुरम अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर आपातकालीन स्थिति में उतरा था। ब्रिटिश उच्चायोग के सूत्रों ने कहा, ''हम तिरुवनंतपुरम अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर ब्रिटेन के एफ-35बी की जल्द से जल्द मरम्मत करने के लिए काम कर रहे हैं। हम भारतीय अधिकारियों को उनके निरंतर समर्थन के लिए धन्यवाद देते हैं। एक सूत्र ने कहा, ''विमान को सुरक्षित तरीके से ले जाने के लिए एफ-35बी विमान टोइंग उपकरण लाए जा रहे हैं। इसके बिना विमान को नहीं ले जाया सकता और इससे और ज्यादा नुकसान होने का खतरा है। ब्रिटेन ने इस तथ्य से भी अवगत कराया है और उसने निर्णय लिया है कि विमान के विशेष उपकरण और ब्रिटेन से इंजीनियरिंग टीम के आने के बाद वह विमान को ले जाएगा। इससे व्यवधान कम से कम होगा। वैसे यह भी कहा जा रहा है कि विमान की आपातकालीन लैंडिंग ईंधन भरने के उद्देश्य से की गई है, लेकिन लड़ाकू विमान फिलहाल खाड़ी में खड़ा है। सूत्रों का कहना है कि इसकी हाइड्रोलिक खराबी को ठीक करने के प्रयास किए जा रहे हैं। गौरतलब है कि इससे पहले, रॉयल नेवी के विमानवाहक पोत एचएमएस प्रिंस ऑफ वेल्स से यहां पहुंचे तकनीकी विशेषज्ञों की एक टीम तकनीकी समस्याओं को ठीक करने में विफल रही।

## खोड़ा, लोनी और मुरादनगर को जोड़कर बनेगा ग्रेटर गाजियाबाद, सीएम योगी ने की घोषणा

**गाजियाबाद, 26 जून (एजेंसी)।** गाजियाबाद में भी अब ग्रेटर गाजियाबाद बनेगा। यहां के खोड़ा, लोनी, मुरादनगर क्षेत्र इसका हिस्सा होंगे। सबको जोड़कर गाजियाबाद नगर निगम का हिस्सा बनाया जाएगा। इसकी जानकारी बृहस्पतिवार को जिले के दौरे पर आए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दी है। वह कैलाश मानसरोवर भवन में मानसरोवर यात्रा पर जाने वाले जत्थे को रवाना करने के बाद पत्रकारों को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज गाजियाबाद एक ग्रेटर गाजियाबाद के रूप में अपनी नई यात्रा प्रारंभ कर रहा है। इसके लिए उन्होंने जन प्रतिनिधियों के साथ चर्चा की है। सभी विभाग इस दिशा में काम कर रहे हैं। कुछ नई पहल करने के लिए भी कहा गया है। ग्रेटर गाजियाबाद के रूप में खोड़ा, लोनी, मुरादनगर को जोड़कर गाजियाबाद नगर निगम का हिस्सा बनाने के निर्देश दिए हैं। साथ ही एक वृहद कार्ययोजना इसके विकास के लिए बनाने के लिए कहा है। इसके साथ ही बाबा दुग्धेश्वर नाथ मंदिर कॉरिडोर के निर्माण की कार्रवाई की भी मुख्यमंत्री ने समीक्षा की।

# यूपी के 70 बीएड कॉलेजों की मान्यता रद्द...काउंसलिंग में नहीं हो सकेंगे शामिल, एनसीटीई ने की कार्रवाई

**लखनऊ, 26 जून (एजेंसी)।** डॉ. भीमराव आंबेडकर के विश्वविद्यालय से संबद्ध बीएड के 70 महाविद्यालयों में प्रवेश पर राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद (एनसीटीई) ने रोक लगा दी है। इसके साथ ही दो बीपीएड और एक एमएड कॉलेज पर भी कार्रवाई हुई है। महाविद्यालयों को प्रवेश प्रक्रिया से बाहर करने के संबंध में आदेश जारी कर दिए गए हैं। जिसके बाद सत्र 2025-26 के लिए होने वाली काउंसलिंग में ये कॉलेज शामिल नहीं हो सकेंगे। इसका असर विश्वविद्यालय की बीएड की सीटों पर भी होगा। देश भर के मान्यता प्राप्त कॉलेजों की गुणवत्ता को जांचने का काम राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद (एनसीटीई) ने शुरू किया था। इस प्रक्रिया में देशभर के लगभग तीन हजार कॉलेज ऐसे थे जिनके मानक अधूरे थे। एनसीटीई ने कॉलेजों से लगातार सत्र 2021-22 और 2022-23 की परफॉर्मेंस अप्रेजल रिपोर्ट मांगी। परफॉर्मेंस अप्रेजल रिपोर्ट जमा करने के लिए कई बार समय भी दिया गया। जब कोई जवाब नहीं मिला तो सभी कॉलेजों को कुछ महीने पहले कारण बताओ नोटिस जारी किया गया। लेकिन इसके बाद भी तमाम कॉलेजों ने जवाब नहीं दिया। ऐसे में एनसीटीई ने देशभर के 22 सौ से अधिक संस्थानों की मान्यता को समाप्त कर दिया। अन्य के खिलाफ अभी जांच चल रही है। जिन कॉलेजों की मान्यता को रद्द किया है, उनमें बीएड, एमएड और बीपीएड कॉलेज शामिल हैं। एनसीटीई की ओर से की गई कार्रवाई के दायरे में डॉ. भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय से संबद्ध कॉलेज भी आए हैं। विवि से संबद्ध 70 कॉलेजों की मान्यता को एनसीटीई ने रद्द कर दिया है। इन 70 कॉलेजों में से 67 कॉलेज बीएड के हैं। वहीं विवि से संबद्ध दो बीपीएड कॉलेज और एक एमएड कॉलेज पर भी कार्रवाई की गई है। डॉ. भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय के कुलसचिव अजय मिश्रा ने बताया कि एनसीटीई ने 70 कॉलेजों की बीएड की मान्यता रद्द की है। ये कॉलेज काउंसलिंग में शामिल नहीं होंगे। इसमें आगरा, मथुरा, मैनपुरी और फिरोजाबाद के कॉलेज शामिल हैं।

## पाकिस्तान में बर्फ की झील के फटने की चेतावनी

**इस्लामाबाद,26 जून (वार्ता/शिन्हुआ)।** पाकिस्तान के राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एनडीएमए) ने देश के उत्तरी पहाड़ी क्षेत्रों में बढ़ते तापमान के कारण बर्फ की झील (जीएलओएफ) के फटने के खतरे को लेकर अलर्ट जारी किया है। बुधवार को जारी चेतावनी में तेजी से बढ़ते तापमान और पश्चिमी मौसम प्रणाली के प्रभाव का हवाला दिया गया है। एनडीएमए ने कहा कि प्रमुख घाटियों में ग्लेशियरों के तेजी से पिघलने से बर्फ की झीलों के फटने का खतरा बढ़ गया है जिससे अचानक बाढ़ आ सकती है और सड़कों और पुलों सहित बुनियादी ढांचे को नुकसान हो सकता है। प्राधिकरण ने निवासियों और यात्रियों से अत्यधिक सावधानी बरतने,नदी के किनारों और ग्लेशियल क्षेत्रों से बचने और बाढ़ के पानी को पार करने से परहेज करने का आग्रह किया। स्थानीय समुदायों को जिला प्रशासन द्वारा जारी निकासी निर्देशों और अन्य दिशा निर्देशों का सख्ती से पालन करने की भी सलाह दी गई है। पाकिस्तान जलवायु परिवर्तन के प्रभावों के प्रति सबसे अधिक संवेदनशील देशों में से एक है, जिसके उत्तरी क्षेत्रों में 7,000 से अधिक ग्लेशियर हैं।

## नीट-यूजी 2025 : सुप्रीमकोर्ट का दिल्ली हाईकोर्ट से मामला स्थानांतरित करने से इन्कार

**नयी दिल्ली, 26 जून (वार्ता)।** उच्चतम न्यायालय ने मेडिकल स्नातक पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए आयोजित राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा 2025 को चुनौती देने वाली एक रिट याचिका पर विचार करने से गुरुवार को इन्कार कर दिया। न्यायमूर्ति के.वी. विश्वनाथन और न्यायमूर्ति एन के सिंह की पीठ ने असद खत्री की गुहार ठुकराते हुए कहा कि यह याचिका सार्वजनिक हित के तथ्यों पर आधारित नहीं है और इसलिए इस विवाद का शीर्ष अदालत की बजाय उच्च न्यायालय में ही निपटारा किया जाना चाहिए। पीठ ने याचिकाकर्ता द्वारा उठाई गई इस चिंता पर विचार करते हुए कि जुलाई के मध्य तक सीटें (मेडिकल स्नातक की) भर जाएंगी,उन्हें सुनवाई आगे बढ़ाने की अनुमति दी। पीठ ने कहा कि उच्च न्यायालय ने मामले को 31 जुलाई के लिए सूचीबद्ध किया है। पीठ ने याचिकाकर्ता की चिंता और तात्कालिक महत्व को देखते हुए संभावित शीघ्र सुनवाई के लिए दिल्ली उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश के समक्ष इसका उल्लेख करने की याचिकाकर्ता को अनुमति दी। याचिकाकर्ता की ओर से पेश अधिवक्ता सुभाष झा ने इस मामले में दिल्ली उच्च न्यायालय में लंबित याचिका को शीर्ष अदालत में स्थानांतरित करने का अनुरोध किया था।

# अर्जुन अवार्डी पैरालम्पिक विजेता प्रीतिपाल बनी खंड विकास अधिकारी



**रामराज, 26 जून (बु.)।** विश्व पटल पर नाम रोशन करने वाली अर्जुन अवार्डी प्रीतिपाल को उत्तर प्रदेश सरकार ने रानी लक्ष्मीबाई पुरस्कार से सम्मानित करने के बाद अब खण्ड विकास अधिकारी बनाया, जिससे परिवार के साथ-साथ क्षेत्र में खुशी का माहौल बना हुआ है। उत्तर प्रदेश सरकार ने प्रदेश की होनहार पैरा एथलीट व अर्जुन अवार्डी प्रीतिपाल को रानी लक्ष्मीबाई पुरस्कार से नवाजने के बाद खंड विकास अधिकारी के पद पर नियुक्त कर एक मिसाल पेश की है। प्रीतिपाल रामराज थानाक्षेत्र के गांव हाशमपुर की रहने वाली हैं और एक सामान्य परिवार से ताल्लुक रखती हैं। उनके पिता गांव में दूध की डेरी चलाते हैं। प्रीतिपाल ने पेरिस में आयोजित पैरालंपिक गेम्स में दो कांस्य पदक जीतकर विश्व पटल पर भारत का नाम रोशन कर दिया था, जिसके बाद भारत सरकार की ओर से प्रीति को जनवरी माह में अर्जुन अवॉर्ड देकर सम्मानित किया गया था। प्रीति का योगदान देखकर उत्तर प्रदेश सरकार ने प्रीतिपाल को रानी लक्ष्मीबाई पुरस्कार देने के बाद अब खंड विकास अधिकारी के पद पर नियुक्ति दी है। प्रीतिपाल ने अपने जीवन में अनेक चुनौतियों का सामना करते हुए पैरा एथलेटिक्स की दुनिया में शानदार उपलब्धियां हासिल की हैं। उन्होंने पेरिस पैरालंपिक के अलावा भी कई अन्य प्रतियोगिताओं में खुद को साबित किया और पदक जीतकर देश और राज्य का नाम रोशन किया। प्रीति को उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा खंड विकास अधिकारी के पद पर नियुक्ति देने पर क्षेत्रवासियों में खुशी का माहौल है। प्रीति के परिजनों ने बताया कि प्रीति को लखनऊ बुलाकर नियुक्ति-पत्र दे दिया है।

# शाहपुर में एसडीएम, सीओ एवं चेयरमैन ने मोहर्रम के जुलूस के मार्ग का दौरा किया



**शाहपुर, 26 जून (बु.)।** आगामी मोहर्रम के त्यौहार को लेकर आज शाहपुर में नगर पंचायत अध्यक्ष हाजी अकरम कुरैशी के साथ एसडीएम राजकुमार भारती, सीओ गजेंद्र पाल सिंह, एसएसआई बालिस्टर त्यागी एवं कस्बा पुलिस चौकी इंचार्ज राहुल कुमार ने इमामबाड़े से लेकर कर्बला एवं मोहर्रम के जुलूस के मार्ग का पैदल निरीक्षण किया। पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों ने इस दौरान अधीनस्थों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस दौरान नगर पंचायत की टीम के साथ-साथ अंजुमन ए हाशमी के पदाधिकारी भी मौजूद रहे। आगामी मोहर्रम को लेकर चेयरमैन हाजी अकरम कुरैशी के साथ एसडीएम बुढ़ाना राजकुमार भारती एवं सीओ बुढ़ाना गजेंद्र पाल सिंह एसएसआई बालिस्टर त्यागी एवं कस्बा चौकी इंचार्ज राहुल कुमार के साथ मोहर्रम के रास्तों का निरीक्षण किया। वे कर्बला पर जाकर स्वयं व्यवस्था देखी तथा मोहर्रम के रास्ते पर जहां से ताजिया होकर गुजरते हैं, वहां बिजली की लाइन का जायजा लिया। नगर पंचायत के सफाई नायक संदीप पाल एवं राजीव मेहरा को सफाई व्यवस्था बनाने एवं मोहर्रम का जुलूस जिस रास्ते से होकर गुजरता है, उस रास्ते पर कली एवं साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखने के लिए निर्देशित किया।

# पुरकाजी नगर पंचायत में कांवड़ यात्रा को भव्य और सुविधायुक्त बनाने के लिए बोर्ड मीटिंग में प्रस्ताव पारित



**पुरकाजी, 26 जून (बु.)।** आज नगर पंचायत पुरकाजी में चेयरमैन जहीर फारुकी की अध्यक्षता में बोर्ड बैठक सम्पन्न हुई, जिसमें आगामी कावड़ यात्रा को पिछले साल की तरह भव्य और सुविधाजनक बनाने, कांवड़ यात्रा में नगर पंचायत की तरफ से भी हलवा वितरण करने के सभी प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किए गए। नगर पंचायत के सभागार की मरम्मत, स्कूलों में स्मार्ट स्क्रीन, स्कूलों में कैमरे और टाइल्स आदि के भी प्रस्ताव सर्वसम्मति से पास किए गए। अगले एक सप्ताह में पुरकाजी के सभी वार्डों में ठंडे पानी के फ्रीजर का काम शुरू हो जाएगा। चेयरमैन जहीर फारुकी ने कहा कि पिछले सात सालों से भी अधिक मेहनत इस बार कांवड़ यात्रा में करेंगे। पिछली बार जो व्यवहारिक समस्याएं सामने आई थी, उनका पहले ही निराकरण कराने का प्रयास किया। पुरकाजी नगर पंचायत का एरिया तो मुश्किल से कांवड़ मार्ग पर डेढ़ किलोमीटर का है, लेकिन पुरकाजी बाईपास और अंदर से भूराहेड़ी बॉर्डर से फ़लौदा कट तक करीब 18 किलोमीटर की व्यवस्था नगर पंचायत संभालेगी। बोर्डर पर वाटर प्रूफ कैंप कार्यालय सहित 6 जगह वाटर प्रूफ कार्यालय, खोया-पाया केंद्र, स्वस्थ कैंप, सजावट आदि के कार्य किए जाएंगे। पूरा कस्बा मिलकर कांवड़ यात्रा को सकुशल सम्पन्न कराने और पुरकाजी में विकास कार्यों में साथ खड़ा है। बोर्ड मीटिंग में मुख्य रूप से अधिशासी अधिकारी मनीष वर्मा, समर बाबू, विकसित, रजनीश, फेमिदा, निसार अहमद, इशरत जहां, शाहलम गौड, इस्तखार उर्फ लाला, आतिफ खान, शबनम, नदीम अहमद, फरजाना, आजाद फरीदी, आलम कुरैशी, विशाल, मसरूर खान सभी सभासदगण मौजूद रहे।

# लालची दोस्त ने डेढ़ करोड़ देखकर अजय की हत्या, दोस्तों के साथ मिलकर शव को दफनाया



**संभल, 26 जून (एजेंसी)।** डेढ़ करोड़ रुपये की खातिर दोस्त ने अपने पांच साथियों के साथ मिलकर हरियाणा के गांव भैसरू खुर्द निवासी अजय (27) की गोली मारकर हत्या कर दी और शव को संभल के बनियाठेरा थाना अंतर्गत खेड़ा खास गांव के जंगल में खोदे गए गड्ढे में दफना दिया। हरियाणा के थाना सांपला की पुलिस ने बुधवार को मजिस्ट्रेट और तीन डॉक्टरों की टीम के साथ मौके पर पहुंची और अभियुक्तों की निशानदेही पर खोदाई कराकर शव निकाला। पुलिस ने खोपड़ी और कंकाल को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। हरियाणा के थाना सांपला क्षेत्र के गांव भैसरु खुर्द निवासी अजय ने तीन अप्रैल को अपनी पैतृक जमीन डेढ़ करोड़ रुपये में बेची थी और रकम लेकर मुरादाबाद के थाना बिलारी के गांव पहाड़पुर निवासी अपने दोस्त सुमित के घर गया था। इतने रुपये देखकर सुमित के मन में लालच आ गया और अपने पांच साथियों के साथ मिलकर अजय की गोली मारकर हत्या कर दी और शव खेड़ाखास के जंगल में दबा दिया था। पुलिस ने छह लोगों के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज बिलारी थाना क्षेत्र के गांव पहाड़पुर निवासी अजय के दोस्त सुमित चौधरी और भूपेंद्र उर्फ बुद्धा को गिरफ्तार कर लिया है। बुधवार की दोपहर थाना सांपला पुलिस दोनों हत्यारोपियों को लेकर थाना बनियाठेर पहुंची। यहां से मजिस्ट्रेट व तीन डॉक्टरों के पैनल की टीम के साथ चंदौसी-संभल मार्ग पर गांव खेड़ाखास पर पहुंची और हत्यारोपियों के बताई जगह की खोदाई कराकर अजय की खोपड़ी और कंकाल निकलवाकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। डॉक्टरों की टीम में डॉ. विवेक हल्द्वानी मेडिकल कॉलेज, डॉ. फैसल व सोमशेखर शर्मा गजरौला मेडिकल कॉलेज, सीएचसी चंदौसी सीएमएस डॉ. हरवेंद्र सिंह, डॉ. मनोज सिंह समेत नायब तहसीलदार सत्येंद्र तिसंह, थाना प्रभारी मेघपाल सिंह, थाना सांपला के सब इंस्पेक्टर विनोद कुमार, एसआई महेंद्र सिंह आदि थे। पुलिस ने बताया कि चार अप्रैल को सुमित अजय को अपने अन्य साथियों के साथ मुरादाबाद ले गया, जहां सभी एक होटल में रुके थे। मुरादाबाद से लौटते समय गाड़ी में ही अजय के सिर में गोली मारकर हत्या कर दी। उसी रात खेड़ाखास के जंगल में शव दबा दिया था। हत्यारोपी सुमित चौधरी निवासी गांव पहाड़पुर थाना बिलारी जिला मुरादाबाद वर्ष 2015 में घर से नाराज होकर दिल्ली चला गया था। दिल्ली में उसकी अजय से मुलाकात हुई। इसके बाद दोनों में गहरी दोस्ती हो गई। सुमित 2017 तक अजय के घर पर ही रहा था। 2025 में होली के आसपास अजय अपने दोस्त सुमित चौधरी के पास गांव पहाड़पुर आया था और करीब सवा महीने रहा था, जिससे अजय की अन्य हत्यारोपियों से भी दोस्ती हो गई थी। भैंसरू कलां के लापता अजय की उसी के दोस्त सुमित और भूपेंद्र ने मुरादाबाद में गंगा किनारे स्थित ब्रजघाट पर गोली मारकर हत्या की थी। बुधवार को पुलिस ने दोनों आरोपियों को अदालत में पेश कर 5 दिन का रिमांड लिया है। अजय के भाई योगेश ने 28 अप्रैल को गुमशुदगी दर्ज कराई थी।

# एसडीएम ने खोखा हटवाया, दरोगा ने खड़ी करा दी ठेली

## -दरोगा गाड़ी में सामान लाते हुए सीसीटीवी में हुआ कैद, सीओ को सौंपी फुटेज

**सिखेड़ा, 26 जून (बु.)।** क्षेत्र के गांव सिखेड़ा में ग्रामीण के द्वारा रास्ते में खोखा रखने का कोर्ट के वाद में एसडीएम ने खोखा हटवाने के आदेश जारी किए थे। तहसील की टीम ने पुलिस बल को साथ लेकर खोखे को हटवा दिया था। आरोप है कि अब एक दरोगा ने उस रास्ते पर ग्रामीण की सामान बेचने की ठेली खड़ी करवा दी है। उसने बताया कि थाने का दरोगा ही अपनी गाड़ी में ठेली पर बेचने का सामान दिलवा कर लाया। दरोगा की यह करतूत सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। पीड़ित पक्ष के लोगों ने सीसीटीवी कैमरे की फुटेज नई मंडी सीओ रूपाली राव को सौंप दी है। सीओ ने जांच कराकर कार्रवाई का आश्वासन दिया है। पीड़ित ने इस संबंध में एसडीएम को दोबारा से रास्ते पर ठेली खड़ी करने का शिकायती प्रार्थना-पत्र दिया है। गांव सिखेड़ा निवासी अय्यूब व उसके परिवार के लोगों ने प्रेस वार्ता के दौरान आपबीती सुनाई। अय्यूब ने बताया कि उसने अपनी पत्नी नसीमा से ग्रामीण युसुफ पुत्र मोहब्बत अली का रास्ते में रखे लोहे का खोखा हटवाने के लिए एसडीएम कोर्ट में वाद दायर करवाया था। 25 फरवरी को एसडीएम ने सुनवाई के दौरान रास्ते से खोखा हटवाने के आदेश जारी किए थे। 21 अप्रैल को नायब तहसीलदार बृजेश कुमार ने राजस्व टीम और सिखेड़ा पुलिस को साथ लेकर रास्ते पर रखे खोखे को हटवा दिया था। आरोप है कि 15 जून को दोबारा से युसुफ ने रास्ते पर सामान की ठेली लगाकर फिर से अतिक्रमण कर दिया है। पीड़ित पक्ष के लोगों का आरोप है कि थाने के एक दरोगा ने फिर से युसुफ का रास्ते में सामान का ठेला लगवा दिया है। दरोगा ही अपनी गाड़ी में युसुफ को ठेली का सामान दिलवाकर लाया था। रात में दरोगा सादी वर्दी में युसुफ के घर भी आता जाता है। दरोगा की करतूत गली में लगे सीसी टीवी कैमरे में कैद है। पीड़ित पक्ष अय्यूब के पुत्र इनायत ने बताया कि उन्होंने सीसीटीवी कैमरे की फुटेज नई मंडी सीओ रूपाली राव को सौंप दी है। सीओ ने जांच कर दरोगा खिलाफ कार्रवाई करने का आश्वासन दिया। युसुफ झूठी वीडियो बनाकर प्रसारित कर रहा है। उन्होंने बताया कि दोबारा से रास्ते में ठेली लगाने की शिकायत उन्होंने एसडीएम से भी की है। पीड़ित पक्ष ने एसडीएम से ठेली हटवाकर युसुफ के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जेल भेजने की गुहार लगाई है।

## एसडी पब्लिक स्कूल के पूर्व छात्र तुषार शर्मा का फ्लाइंग ऑफिसर के पद पर चयन से हर्षोल्लास का माहौल



**मुजफ्फरनगर, 26 जून (बुस.)।** एसडी पब्लिक विद्यालय परिवार को यह बताते हुए अत्यंत गर्व और प्रसन्नता हो रही है कि हमारे विद्यालय के 2019-20 बैच के होनहार छात्र तुषार शर्मा का चयन भारतीय वायुसेना में फ्लाइंग ऑफिसर के प्रतिष्ठित पद पर हुआ है। अपने छात्र जीवन के दौरान तुषार शर्मा न केवल पढ़ाई में बल्कि विद्यालय की समस्त सह-शैक्षणिक गतिविधियों एवं खेल-कूद में भी सक्रिय भाग लेते रहे। उनकी यह उपलब्धि न केवल उनके अथक परिश्रम, समर्पण और देशभक्ति की भावना का परिणाम है, बल्कि यह एसडी पब्लिक स्कूल की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और मूल्यपरक मार्गदर्शन की भी साक्षी है। तुषार ने विद्यालय में अध्ययन के दौरान अपनी अनुशासनप्रियता, नेतृत्व, क्षमता और अकादमिक दक्षता से सभी शिक्षकों व सहपाठियों का ध्यान आकर्षित किया था। उनका यह चयन देश सेवा के प्रति उनके जुनून को दर्शाता है। उन्होंने राष्ट्रीय रक्षा अकादमी (एनडीए) की कठिन परीक्षा उत्तीर्ण कर यह साबित कर दिया कि समर्पित लक्ष्य व निरंतर प्रयास किसी भी मंजिल को पा सकते हैं। विद्यालय डायरेक्टर चंचल सक्सैना, प्रधानाचार्या भारती तिवारी एवं समस्त स्टॉफ ने फ्लाइंग ऑफिसर तुषार शर्मा को विद्यालय में आमंत्रित कर उन्हें सम्मानित किया और उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए इस उपलब्धि के लिए बधाई दी। फ्लाइंग ऑफिसर तुषार शर्मा ने वर्तमान छात्रों को सम्बोधित करते हुए कहा कि- अगर सपने बड़े हो और मेहनत सच्ची हो तो कोई भी ऊँचाई दूर नहीं। तुषार शर्मा की यह सफलता वर्तमान छात्रों के लिए एक प्रेरणा है।

## सोशल मीडिया पर अभद्र टिप्पणी करने वाला गिरफ्तार



**चरथावल, 26 जून (बु.)।** थाना क्षेत्र के गांव रोनी हरजीपुर निवासी एक युवक के द्वारा सोशल मीडिया पर एक वीडियो पोस्ट की गई, जिसमें युवक के द्वारा हिंदू देवी-देवताओं के भजनों पर अश्लील वीडियो लगाई गई थी और अभद्र टिप्पणी की गई थी। जैसे ही वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुई, तो हिंदू नेताओं में आक्रोश फैल गया और उनके द्वारा फेसबुक आईडी पर वीडियो अपलोड करने वाले के खिलाफ कार्रवाई की मांग की गई, जिस पर चरथावल थाना प्रभारी जसवीर सिंह के नेतृत्व में पुलिस के द्वारा कार्रवाई करते हुए फेसबुक आईडी चलाने वाले युसूफ खान उर्फ काला पुत्र समून अली निवासी रोनी हरजीपुर को गिरफ्तार किया गया, जिस पर पकड़े गए आरोपी से पूछताछ की गई, तो उसने बताया कि उससे गलती से फेसबुक पर पोस्ट वायरल हो गई थी, जिसको उसने कुछ ही देर बाद डिलीट कर दिया था और आगे से वह इस तरह की गलती नहीं करेगा, जिस पर पुलिस के द्वारा पकड़े गए आरोपों का इलाज करते हुए बृहस्पतिवार को जेल भेज दिया।

**सार्वजनिक सूचना**

मेरी पुत्री राध्या राठी के जन्म प्रमाण-पत्र संख्या 7189, दिनांक 03/08/2018 में गलती से पिता का नाम प्रशांत राठी अंकित करा दिया गया है, जबकि वास्तविक नाम प्रशांत कुमार राठी है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना जाये। शुद्धिकरण हेतु सम्बंधित विभाग में आवेदन-पत्र प्रस्तुत किया जा रहा है।

प्रशांत कुमार राठी
ग्राम- बेहड़ा थू, मुजफ्फरनगर
मो. 9958156651

**सार्वजनिक सूचना**

मेरे पुत्र अथर्व राठी के जन्म प्रमाण-पत्र संख्या 7946, दिनांक 04/08/2012 में गलती से पिता का नाम प्रशांत राठी अंकित करा दिया गया है, जबकि वास्तविक नाम प्रशांत कुमार राठी है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना जाये। शुद्धिकरण हेतु सम्बंधित विभाग में आवेदन-पत्र प्रस्तुत किया जा रहा है।

प्रशांत कुमार राठी
ग्राम- बेहड़ा थू, मुजफ्फरनगर
मो. 9958156651



1973-2025

सम्पादक की क़लम से

## हताशा में किया गया हास्यास्पद दावा

महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में धांधली के कांग्रेस नेता राहुल गांधी के आरोपों के बीच बॉम्बे हाईकोर्ट ने महत्वपूर्ण निर्णय सुनाया है। हाईकोर्ट ने वंचित बहुजन विकास अघाड़ी के एक नेता की ओर से दायर विधानसभा चुनाव नतीजों को रद्द करने की मांग वाली याचिका खारिज कर दी। हाईकोर्ट ने कहा कि चुनाव में गड़बड़ी के दावे का कोई ठोस आधार नहीं है। अदालत ने कहा कि यह हताशा में किए हास्यास्पद दावे के अलावा और कुछ नहीं है। अदालत की यह टिप्पणी कि 'यह हताशा में किए हास्यास्पद दावे के अलावा और कुछ नहीं है' बहुत महत्वपूर्ण है। कुछ भी बोल देने वालों और बिना आधार के आरोप लगाने वालों के लिए नसीहत भी है। आजकल कुछ भी बोल देने वाले नेताओं की संख्या बढ़ती जा रही है। सोशल मीडिया पर लोगों द्वारा धिक्कारे जाने के बावजूद भी उनपर कोई फर्क नहीं पड़ता। जस्टिस जीएस कुलकर्णी व जस्टिस आरिफ की पीठ ने सवाल उठाया कि 2024 के लोकसभा चुनावों सहित पिछले आम चुनावों में समान मतदान पैटर्न को कभी चुनौती क्यों नहीं दी गई, जब तक साक्ष्य यह नहीं दिखाते कि शाम 6 बजे के बाद के परिणाम किसी भी उम्मीदवार की जीत में मदद करते हैं, तब तक याचिका पूर्ण नहीं है। पीठ ने याचिका खारिज करते हुए कहा कि इस पर सुनवाई में पूरा दिन बर्बाद हो गया, याचियों पर जुर्माना लगाया जाना चाहिए, लेकिन हम ऐसा नहीं कर रहे हैं। याचिका में शाम 6 बजे मतदान खत्म होने के बाद पड़े करीब 76 लाख वोटों की वैधता को चुनौती दी गई थी। याची ने कहा था कि शाम 6 बजे के बाद बड़ी संख्या में वोट पड़े जो गड़बड़ी का संकेत है। राहुल गांधी भी चुनाव में धांधली का आरोप लगा रहे हैं, जिसका चुनाव आयोग ने जवाब भी दिया है। चुनाव आयोग ने दलील दी, एक मतदाता मांग कर रहा है कि सभी 288 सीटों का चुनाव रद्द हो। यह कैसे संभव है, जबकि याचिका में कोई विजयी उम्मीदवार पक्षकार नहीं है। आखिर, इसी चुनाव में यह मुद्दा क्यों उठा, जबकि हर चुनाव में शाम 6 बजे के बाद मतदान होता रहा है। न्यायमूर्ति जी एस कुलकर्णी और न्यायमूर्ति आरिफ की पीठ ने कहा कि याचिकाकर्ता चेतन अहिरे अपने आरोपों और दावों के समर्थन में कोई प्रामाणिक जानकारी देने में विफल रहे हैं। पीठ ने यह भी कहा कि अहिरे चुनाव में उम्मीदवार भी नहीं थे। तथ्यों के अभाव का जिक्र करते हुए उच्च न्यायालय ने कहा,हमें आश्चर्य है कि याचिकाकर्ता को राज्य विधानसभा के पूरे चुनाव पर सवाल उठाने के लिए इतनी व्यापक और कठोर राहत मांगने का अधिकार कैसे मिल सकता है। पीठ ने कहा कि यह याचिका पूरी तरह हताशा में दायर की गई प्रतीत होती है और इसमें राज्य विधानसभा चुनाव प्रक्रिया की शुचिता, विशेषकर इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन के संदर्भ में हास्यास्पद दावे किए गए हैं। याचिका में अनुरोध किया गया था कि ईवीएम प्रणाली की जगह मतपत्रों द्वारा मतदान की पारंपरिक पद्धति अपनाई जाए। उच्चतम न्यायालय के एक फैसले का हवाला देते हुए, उच्च न्यायालय ने कहा कि ईवीएम के इस्तेमाल को कानूनी और वैध माना गया है। पीठ ने कहा कि झूठे और फर्जी मतदान के दावों का समर्थन करने के लिए बिना किसी ठोस सामग्री के याचिका दायर की गई है। उच्च न्यायालय ने कहा,इस बात का कोई सबूत नहीं है कि मतदान के अंतिम समय यानी शाम छह बजे मतदान के संबंध में किसी भी तरह की गड़बड़ी या धोखाधड़ी की शिकायत की गई थी। अदालत की यह टिप्पणी नसीहत है, लेकिन शायद ही कोई नेता इससे सबक ले। हताशा में और भी बहुत से हास्यास्पद दावे अक्सर किए जाते हैं, जब अदालतें सख्त नसीहत करती हैं, तो इस तरह के दावे करने वाले नेता अदालतों में माफी मांगते हुए भी नजर आते हैं। चुनाव कैसे चुराएं? नामक एक लेख राहुल गांधी के नाम से एक अखबार में छपा, उसमें राहुल गांधी ने 2024 के महाराष्ट्र विधानसभा चुनावों में भाजपा पर लोकतंत्र को चुराने का आरोप लगाया है। लेख में चरणबद्ध रूप से बताया गया है कि कैसे भाजपा ने मतदाता सूची से लेकर चुनाव आयोग तक को प्रभावित किया। राहुल के इस लेख को भी कई लेखकों ने हताशा में हास्यास्पद लेख कहा है। लेख पढ़कर बहुत से लोगों ने कहा है कि जिस पार्टी ने भारत में चुनावी धांधली की नींव रखी, आज वही पार्टी नैतिकता का ढोंग कर रही है। यह भी कहा गया कि कांग्रेस ने दशकों तक देश की नींव को खोखला किया, तब बिहार और अन्य राज्यों में बूथ केपचरिंग के जरिए चुनावों को मजाक बना दिया गया। बांग्लादेशी घुसपैठियों और मृत लोगों के नाम जोड़कर वोट बैंक बनाया गया, तब राजनीति का एक ही नियम था, अल्पसंख्यक तुष्टीकरण, हिंदुओं को बांटो, मुस्लिम वोट को साधो, यही बरसों तक एजेंडा रहा। आज जब जनता ने इन हथकंडों को नकार दिया, तो कांग्रेस येन केन प्रकारेण वापसी की कोशिश कर रही है। 2014 से प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी का कार्यकाल आरम्भ हुआ। इस युग में जनता ने देखा राष्ट्रवाद, पारदर्शिता और विकास। पारदर्शी चुनाव, डिजिटल निगरानी, विश्वसनीय प्रणाली। भ्रष्टाचार मुक्त शासन, कांग्रेस के उलट, कोई घोटाला नहीं। गरीबों का सशक्तिकरण, बिना भेदभाव के योजनाएं। आतंकवाद पर सख्ती, सर्जिकल स्ट्राइक और कूटनीतिक दबाव। यह सब देखकर कांग्रेस परेशान है, कांग्रेस इसलिए भी परेशान है, क्योंकि अब जाति, धर्म और झूठे वादों की राजनीति नहीं चलती। कांग्रेस को इस समय जो लोग चला रहे हैं, वे समझ नहीं पा रहे हैं कि प्रधानमन्त्री का, उनकी नीतियों का कैसे मुकाबला करें कांग्रेस में इस समय दिखावा, हताशा, सोशल मीडिया पर भ्रम, फोटोशूट्स और पोज चल रहे हैं। कांग्रेसी सोशल मीडिया पर अजीबो गरीब चमक-दमक है, मीडिया में झूठी कहानियाँ हैं, आलेख हैं। निराधार आरोप हैं, लेकिन आत्मनिरीक्षण शून्य है। जनता को अब काम दिखता है, उसके मुकाबले हताशा में किए गए हास्यास्पद दावे अब धरे रह जाते हैं। कांग्रेस के सांसद शशि थरूर, जो अपनी अंग्रेजी के लिए जाने जाते हैं, इस बार फ्रेंच भाषा में अपनी बात रखने के लिए चर्चा में हैं। उन्होंने रूस द्वारा आयोजित एक आतंकवाद विरोधी सम्मेलन में पाकिस्तान को शामिल करने की कड़ी आलोचना की। थरूर ने यह बात रूसी लिबरल डेमोक्रेटिक पार्टी के अध्यक्ष लियोनिद स्लटस्की के साथ मॉस्को में हुई एक मीटिंग में कही। थरूर का रूस जाना भी कुछ कांग्रेसियों को रास नहीं आ रहा है,जबकि लोग थरूर की इस यात्रा को प्रधानमन्त्री का बड़ा कदम मान रहे हैं।

### चार तीर

सुनील उत्सव

"कंकर" "दुनिया" "कीमती" "लम्हे"

हीरों को पीछे छोड़ के कंकर की चाह में,
दुनिया की भाग दौड़ में आगे निकल गये।
सोचा अकेले बैठ के तो ये पता चला,
हाथों से अपने कीमती लम्हे निकल गये।

॥ रस्म तेरहवीं ॥

नैनं छिन्दन्ति शस्त्राणि नैनं दहति पावकः । न चैनं क्लेदयन्त्यापो न शोषयति मारुतः ।।



बड़े दुःख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि हमारी पूज्य माताजी
श्रीमती अंजना छाबड़ा धर्मपत्नी श्री केवल कृष्ण छाबड़ा जी का स्वर्गवास
दिनांक 16-06-2025, दिन- सोमवार को हो गया था। प्रभु की ऐसी ही इच्छा थी।
उनकी रस्म तेरहवीं (शोक सभा) दिनांक 27-06-2025, दिन-शुक्रवार को होगी।

शोक सभा ..... 2.00 बजे से 3.00 बजे तक
कार्यक्रम स्थल : गाँधी वाटिका हॉल, गाँधी कॉलोनी, मुजफ्फरनगर

शोकाकुल परिवार :-
प्रेमी छाबड़ा (देवर) भाजपा नेता
पवन छाबड़ा (देवर) चेयरमैन, गाँधी कॉलोनी हाऊसिंग सोसायटी
मन्नी छाबड़ा-मेघा छाबड़ा (पुत्र-पुत्रवधू)
अंकित छाबड़ा-कंचन छाबड़ा (पुत्र-पुत्रवधू)
सिल्की अरोरा-सागर अरोरा-(पुत्री-दामाद)
गोरीश छाबड़ा, शिवांश छाबड़ा (पौत्र)
गौरीका छाबड़ा, अनवीका छाबड़ा (पौत्री) नमीश अरोरा (धोत्रा)
एवं समस्त छाबड़ा, खुराना, पोपली, गुम्बर, परिवार

प्रतिष्ठान :-
छाबड़ा गारमेन्ट्स (निकट होली ऐंजिल्स स्कूल)
जनता गारमेन्ट्स (सदर बाजार, मुजफ्फरनगर)
पी. के. गारमेन्ट्स (सदर बाजार, मुजफ्फरनगर)
दिल्ली टेलीकॉम (आर्यपुरी, मुजफ्फरनगर)
गुरुकृपा प्रोपर्टी डीलर (गाँधी कॉलोनी, मु० नगर)
खुराना मैडिकल एजेन्सी (जिला परिषद, मु०नगर)

सम्पर्क सूत्र :- 9027437343, 8077125409, 8630080033, 9897321319, 9837063050

# कांवड़ मार्ग पर 39 लाख से नाला निर्माण करा रही पालिका: मीनाक्षी स्वरूप

**- पालिकाध्यक्ष ने बझेड़ी फाटक तक कांवड़ मार्ग का किया औचक निरीक्षण, नाला निर्माण समय से पूर्ण कराने के निर्देश**
**- जलभराव के बीच सड़क पर रेत डालने को लेकर लोक निर्माण विभाग की कार्यप्रणाली पर जताई कड़ी नाराजगी**







**मुजफ्फरनगर, 26 जून (बु.)।** सावन माह की कांवड़ यात्रा 2025 को शिवभक्तों के लिए अत्यधिक सुविधाजनक और यादगार बनाने के लिए नगरपालिका परिषद् की चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप ने गुरूवार को लगातार दूसरे दिन कांवड़ मार्ग का वृहद औचक निरीक्षण करते हुए व्यवस्थाओं को परखा और समस्याओं को समझते हुए उनके त्वरित और गुणवत्तापरक निस्तारण के निर्देश दिये। इस दौरान बझेड़ी रोड पर हो रहे जलभराव में लोक निर्माण विभाग द्वारा सड़क को सही करने के बजाय वहां पर रेत डाल देने पर उन्होंने कड़ी नाराजगी जताते हुए ईओ को सड़क ठीक कराने के साथ ही पालिका द्वारा जल निकासी के लिए बनवाये जा रहे सीसी नाला का निर्माण समय से पूर्ण कराने के निर्देश दिये। सावन मास की कांवड़ यात्रा की तैयारियों को लेकर नगर पालिका परिषद् की चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप गुरूवार को सभासदों, भाजपा नेताओं और पालिका के अधिकारियों के साथ शिव चौक पहुंची और भगवान शिव का पूजन करने के बाद उन्होंने कांवड़ मार्ग पर की जा रही व्यवस्थाओं को परखने का काम किया। इस औचक निरीक्षण के दौरान उनके द्वारा कच्ची सड़क डिवाईडर पर लगे पेड़-पौधों की छंटनी करने के लिए तत्काल ही मालियों को लगाकर कार्य शुरू कराया, तो वहीं रास्ते में भ्रमण करते हुए सड़क और पथ प्रकाश की व्यवस्थाओं का भी जायजा लिया। उन्होंने स्थानीय लोगों, दुकानदारों और सभासदों से भी कांवड़ मार्ग कच्ची सड़क पर कार्य की आवश्यकता और समस्याओं को समझने के लिए संवाद किया और पैदल भ्रमण करते हुए जहां पर भी गड्ढे या जलभराव मिला, उसके लिए तत्काल समाधान के निर्देश दिये। उनके द्वारा बझेड़ी अंडरपास तक औचक निरीक्षण करते हुए कांवड़ यात्रा प्रारम्भ होने से पूर्व सभी तैयारियों को पूर्ण करने पर जोर दिया। बझेड़ी रोड पर हुए जलभराव के दौरान वहां पर बीच सड़क में ही रेत डाल दिये जाने पर उन्होंने कड़ी नाराजगी व्यक्त कर जानकारी मांगी, तो ईओ डॉ. प्रज्ञा सिंह द्वारा बताया गया कि लोकनिर्माण विभाग ने सड़क के गड्ढे भरने और जलभराव रोकने के लिए ऐसा किया है, लेकिन रेत डाल दिये जाने से वहां पर धसन होने से आवागमन में हो रही परेशानी को देखकर उन्होंने निस्तारण के निर्देश दिये। पालिका चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप ने कहा कि इस बार कांवड़ यात्रा में शहर से गुजरने वाले शिवभक्तों को आवागमन में अत्यधिक सुलभ सुविधा प्रदान करने के लिए पालिका प्रतिबद्ध है, इसके लिए लगातार निरीक्षण कर समस्याओं को समझा जा रहा है। 10 जून से पहले तक सभी कार्यों को पूर्ण करने के निर्देश सम्बंधित विभागों के अफसरों को दिये गये हैं। पालिका कांवड़ मार्ग पर सबसे बड़ा काम सीसी नाला निर्माण कराकर करा रही है। बझेड़ी अंडरपास से शहर की ओर सड़क के दोनों साइड 15वें वित्त आयोग के अन्तर्गत करीब 39 लाख रुपये की धनराशि इस पर खर्च की जा रही है। यह नाला 380 मीटर तक बनाया जायेगा। अभी एक साइड का निर्माण कार्य प्रारम्भ कराया गया है, जो कांवड़ यात्रा शुरू होने से पहले पूर्ण होगा, इससे कांवड़ मार्ग पर जलभराव की समस्या समाप्त होगी। इसके अलावा अन्य कार्यों को भी समय से पूर्ण कराने के निर्देश दिये गये हैं। लापरवाही क्षम्य नहीं होगा। शिव भक्त अतिथि हैं और उनका नगरपालिका अतिथि देवो भवः की संस्कृति को चरितार्थ करते हुए नगर में स्वागत करने को तैयार है। इस अवसर पर मुख्य रूप से भाजपा नई मंडी मंडल अध्यक्ष प्रवीण खेड़ा, युवा भाजपा नेता विकल्प जैन, सभासद राजीव शर्मा, मनोज वर्मा, कुसुमलता पाल, नवनीत गुप्ता, प्रशांत गौतम, योगेश मित्तल, देवेश कौशिक, अर्जुन प्रजापति, अनुज कुमार, अमित पाल, अमित पटपटिया, हिमांशु कौशिक, अमित शर्मा, भाजपा नेता पवन अरोरा, दिनेश पुंडीर, आदेश गौतम, शोभित गुप्ता, कपिल पाल, प्रमोद कुमार के साथ ही ईओ डॉ. प्रज्ञा सिंह, जेई निर्माण कपिल कुमार व राजीव सोनकर, जेई जलकल जितेन्द्र कुमार सहित पालिका के अन्य अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

## डीएम ने खिलाड़ियों को किया सम्मानित, प्रेरणा की मिसाल बनीं गोल्डन धावक निपम चौहान



**मुजफ्फरनगर, 26 जून (बुस.)।** जिला कलेक्ट्रेट में डीएम उमेश मिश्रा ने जिले के होनहार खिलाड़ियों को माला पहनाकर और शॉल भेंट कर सम्मानित किया। इन युवाओं की जीत सिर्फ पदकों तक सीमित नहीं है, बल्कि यह पूरे जिले की उम्मीदों की उड़ान है। शामली की निपम चौहान ने प्रयागराज में आयोजित प्रतियोगिता में 100 मीटर दौड़ में स्वर्ण पदक और 200 मीटर में रजत पदक जीतकर न केवल शामली बल्कि पूरे मुजफ्फरनगर का सिर गर्व से ऊँचा कर दिया। डीएम ने उनकी उपलब्धि पर गर्व जताते हुए हर संभव मदद का आश्वासन दिया। जिला क्रीड़ा अधिकारी भूपेंद्र सिंह यादव ने बताया कि जिले के तीन अन्य खिलाड़ियों ने भी शानदार प्रदर्शन किया है। वंशिका ने 58 किलो कुश्ती भार वर्ग में कांस्य पदक, इशिका ने स्कूल नेशनल में और जया ने स्टेट स्तर पर स्वर्ण पदक जीतकर जिले की झोली पदकों से भर दी है। खिलाड़ियों की प्रेरणा और जोश को देखते हुए जिला क्रीड़ा प्रभारी ने ऐलान किया कि जल्द ही स्टेडियम में नया ट्रैक लगाया जाएगा, जिससे युवाओं को और बेहतर सुविधाएं मिल सकेंगी। निपम चौहान ने भावुक होकर बताया कि उनकी शुरूआती ट्रेनिंग मुजफ्फरनगर के स्पोर्ट्स स्टेडियम में हुई थी और कोच मेजर व शुभम ने हमेशा उनका हौसला बढ़ाया। अब उनकी नजरें जूनियर नेशनल चैंपियनशिप पर टिकी हैं, जिसकी तैयारी उन्होंने शुरू कर दी है। यह सम्मान केवल एक आयोजन नहीं था, बल्कि युवाओं को दिए गए उस भरोसे का प्रतीक है कि मेहनत करने वालों का साथ शासन-प्रशासन भी जरूर देता है।

## सिंधु जल संधि पर रोक पर भारत अडिग : पाटिल

**नयी दिल्ली, 26 जून (वार्ता)।** जल शक्ति मंत्री सीआर पाटिल ने सिंधु जल संधि पर रोक लगाने के भारत के रुख को दोहराते हुए आज कहा कि यह निर्णय हमारे राष्ट्रीय हितों को पूरा करता है और इसको लेकर जो फैसला भारत सरकार ने लिया है वो सही है। श्री पाटिल ने गुरुवार को यहां संवाददाता सम्मेलन में एक सवाल के जवाब में कहा कि पाकिस्तान के नेताओं की तरफ से जो धमकियां आ रही हैं वे निराधार हैं और उनसे कोई फर्क भारत को नहीं पड़ता है। उनका यह भी कहना था कि दोनों देशों के बीच तनाव अभी भी बना हुआ है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि संधि के संबंध में जो भी निर्णय होगा वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली भारत सरकार द्वारा ही लिया जाएगा। उन्होंने कहा, "संधि की स्थिति पर कोई अपडेट नहीं है। इस संबंध में लिया गया कोई भी निर्णय केवल देश के हित में ही होगा। पाकिस्तान के पूर्व विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो जरदारी की हालिया टिप्पणियों के बारे में पूछे जाने पर श्री पाटिल ने कहा "पानी कहीं नहीं जाएगा।

## खेल अधिकारी ने क्रीड़ा भारती क्रीड़ा केंद्र का किया उद्घाटन



**मुजफ्फरनगर, 26 जून (बु.)।** विगत दिवस क्रीड़ा भारती के क्रीड़ा केंद्र का खेल अधिकारी पूनम बिश्नोई ने उद्घाटन किया। क्रीड़ा भारती की अखिल भारतीय कार्यकारिणी सदस्य रानी लक्ष्मी बाई पुरस्कार से सम्मानित उप क्रीड़ा अधिकारी कुमारी पूनम बिश्नोई द्वारा वीर माता जीजाबाई शूटिंग क्रीड़ा केंद्र का उद्घाटन किया। क्रीड़ा भारती के बहुत जल्दी अन्य क्रीड़ा केंद्रों का भी सुचारू रूप से संचालन किया जाएगा, ताकि समाज के हर वर्ग एवं जन-जन तक पहुंचाया जा सके। वीर माता जीजा बाई क्रीड़ा केंद्र की संरक्षक कुमारी पूनम बिश्नोई ने जल्द ही गांव गांव तक खेलों को पहुंचाने के भगीरथ प्रयास का लक्ष रखा है। स्वस्थ समाज से स्वस्थ व बलशाली राष्ट्र बनता है। क्रीड़ा भारती व खेल विभाग का एक ही लक्ष्य है कि देश के 140 करोड़ लोगों तक खेलों को पहुंचायें, जिससे स्वस्थ समाज व स्वस्थ राष्ट्र का निर्माण हो सके। इस अवसर जिलाध्यक्ष क्रीड़ा भारती प्रमोद कुमार के द्वारा इस केंद्र को सुचारू रूप से चलाया जाएगा, ताकि ज्यादा से ज्यादा खिलाड़ियों का निर्माण हो सके। प्रमोद कुमार द्वारा खेलों को आगे बढ़ाने के लिए उपक्रीड़ा अधिकारी पूनम बिश्नोई के साथ विशेष बैठक की गई, ताकि जनपद की प्रतिभाओं को उचित अवसर प्रदान किया जा सके। चौधरी चरण सिंह स्टेडियम में खिलाड़ियों को निःशुल्क प्रशिक्षण दिया जाता है। ज्यादा से ज्यादा खिलाड़ी स्टेडियम में आकर अपना रजिस्ट्रेशन करा के प्रशिक्षण लेने हेतु उप क्रीड़ा अधिकारी कुमारी पूनम बिश्नोई द्वारा समाज के सभी नागरिकों को आह्वान किया गया। मोहित मालिक, शिवानी लाल, नवनीत गुप्ता आदि वरिष्ठ कार्यकारिणी सदस्यों ने इस अवसर पर क्रीड़ा केंद्र खुलने की बधाई दी।

## खबर का असर-खबर छपते ही मिनी स्टेडियम की भूमि से उखाड़े गए खंभे



**मीरापुर, 26 जून (बु.)।** गांव कासमपुर खोला में बनाए जा रहे मिनी स्टेडियम की भूमि को कब्जाने की नीयत से गाड़े गए खंभों की खबर समाचार पत्र में प्रकाशित होते ही कब्जाधारियों ने खम्भों को उखाड़ लिया है। ग्रामीणों के आक्रोश के बाद खंभे उखड़ते ही अब राजस्व विभाग पर सवालियां निशान खड़े हो गए हैं। ग्रामीणों तहसील के एक अधिकारी पर भूमि पर कब्जा कराने में भूमिका निभाने का आरोप लगाते हुए कार्रवाही की मांग की है। बिजनौर से रालोद सांसद चंदन चौहान द्वारा सांसद निधि से मीरापुर विधानसभा के युवाओं को खेल के लिए तैयार करने हेतु गांव कासमपुर खोला में मिनी स्टेडियम का निर्माण कराया जा रहा है। मिनी स्टेडियम की भूमि के बराबर में श्री राम ग्रुप ऑफ एजुकेशन मुजफ्फरनगर की भूमि है। ग्रामीणों ने कि उक्त श्री राम ग्रुप पर स्टेडियम की दीवार के अंदर भूमि पर कब्जा करने की नीयत से सीमेंट के खम्भे गाड़कर तारबंदी करने का आरोप लगाया था। उक्त प्रकरण के समाचार पत्र में प्रकाशित होते ही गुरूवार को राजस्व विभाग की टीम यहां पहुँची और यहाँ लगाए गए खंभों को उखड़वा दिया है तथा तारबंदी को भी हटवा दिया। ग्रामीणों ने तहसील स्तर के एक अधिकारी पर उक्त भूस्वामी से सांठगांठ करके मिनी स्टेडियम की भूमि को कब्जवाने का आरोप लगाया है। ग्रामीणों कब अनुसार कुछ दिन पूर्व जानसठ तहसील की राजस्व विभाग की टीम ने ही गलत पैमाइश कराकर मिनी स्टेडियम की भूमि में खंभे गड़वाए थे। कासमपुर खोला के प्रधानपति पंकज कुमार, पूर्व प्रधान राम सिंह, रणपाल सिंह, मदनपाल सिंह, सुनील कुमार, रविंद्र, भंवर सिंह आदि ने सांठ-गांठ करके भूमि पर कब्जा कराने वाले अधिकारी पर कार्रवाही की मांग की है। मिनी स्टेडियम की भूमि में गाडे गए खंभों को आज भू स्वामी द्वारा अपने आप ही उखड़वा दिए गए हैं। राजस्व विभाग की किसी टीम ने खम्भे नहीं उखाड़े, ग्रामीणों द्वारा लगाए गए मिलीभगत के आरोप निराधार हैं। जयेंद्र सिंह, एसडीएम जानसठ।

## भाविप मेन में हुई शहर की समस्याओं पर चर्चा



**मुजफ्फरनगर, 26 जून (बु.)।** भाविप मेन शाखा परिषद् परिवार की एक बैठक अध्यक्ष संजय मिश्रा के प्रतिष्ठान नवीन मन्डी स्थल पर हुई, जिसमें जनपद मुजफ्फरनगर की विभिन्न समस्याओं पर विचार-विमर्श किया गया। मुख्यतः जनपद में हल्की बारिश से जलभराव की समस्या होने पर होने वाली परेशानियों पर विचार विमर्श हुआ व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा गड्ढा मुक्त सड़कों के आदेश के बावजूद मुजफ्फरनगर में अधिकांश सड़कों पर गड्ढे ही नजर आते हैं, जिससे हर समय कोई ना कोई दुघर्टना का भय लगा रहता है, जरा सी बारिश होने पर और इन गढ्डों से दुघर्टनाएं आए दिन होती रहती है। विश्वकर्मा चौक से टिकैत चौक तक टूटे हुए डिवाइडर व सीमेन्ट से बने डिवाइडर आड़े तिरछे हुए हैं, जिसे भी प्रशासन को ठीक और व्यवस्थित ढंग से करवाया जाना चाहिए व नगरपालिका को कूड़ा निरंतर उठवाना चाहिए व बारिश व कांवड़ यात्रा को लेकर नालों की सफाई पर विशेष अभियान चलाया जाना चाहिए। सचिव नवनीत गुप्ता ने कहा कि विभागीय व्यवस्था सभी कागजी कार्रवाई में ही चल रही। जनता परेशान हो रही है। उससे किसी को कोई फर्क नहीं पड़ता चाहे व जनप्रतिनिधि हो या प्रशासनिक लोग शाखा संरक्षक हर्षवर्धन जैन, अशोक सिंघल, ओडी शर्मा ने जनपद मुजफ्फरनगर में बताया जिधर से सड़क मार्ग पर निकलो कूड़ा व गंदगी एक गंभीर समस्या है। आने वाले मानसून से पहले इन समस्याओं का निवारण होना चाहिए, नहीं तो बीमारियों का प्रकोप और बढ़ जाएगा। कूड़े की गाड़ियों व रेहड़े व ट्रैक्टर ट्राली ढक कर ले जाने चाहिए, जो बिना ढके ही ले जाए जाते रहते है। उपस्थित होने वाले सदस्यों में हर्षवर्धन जैन, मनीष गर्ग, डॉ. दीपक गर्ग, बृजमोहन शर्मा, पुरुषोत्तम सिंघल, डॉ. बीके आत्रेय, अशोक सिंघल, सुखबीर सिंह, मनोज राठी, अरूण मित्तल, डॉ. अंजलि गर्ग, विनीत गुप्ता, नवनीत गुप्ता, नीरज सिंघल आदि उपस्थित रहे।

## शिवालिक के जंगल में हाथियों की आमद बढ़ी

**सहारनपुर, 26 जून (वार्ता)।** सहारनपुर का शिवालिक वन्य क्षेत्र हाथियों को बहुत माफिक आ रहा है। जिला वन अधिकारी शुभम सिह ने गुरूवार को बताया कि शिवालिक वन्य क्षेत्र स्थित खजनावर डिपो के वन रेंजर ने सूचना दी है कि चार नर और मादा और दो उनके बच्चे एक झुंड के रूप में शिवालिक वन क्षेत्र में भ्रमण करते हुए दिखाई दिए। हाथियों के लिए आरक्षित इस शिवालिक वन्य क्षेत्र में पहले से ही 15 से 20 का तादाद में हाथी मौजूद हैं। जिला वन अधिकारी शुभम सिह ने कहा कि अनुमान लगाया जा रहा है कि छह की संख्या में आए नए हाथियों का झुंड शिवालिक वन्य क्षेत्र से सटे राजाजी नेशनल पार्क से आया है। इसका कारण वह यह मानते हैं कि शिवालिक वन्य क्षेत्र हाथियों के रहने, विचरण करने एवं प्रजनन करने के लिए बेहद ही उपयुक्त है। जैव विविधता के नजरिए से भी यह बड़ी सकारात्मक शुरूआत है। उन्हें भरोसा है कि ये हाथी लंबे समय तक शिवालिक वन्य क्षेत्र को अपना आसियाना बनाए रखेंगे। पर्यावरण संतुलन के लिए भी यह घटना बहुत स्वागत योग्य है।

## छेड़छाड़ की शिकायत पड़ी भारी, रंजिश में परिवार से मारपीट

**भोपा, 26 जून (बु.)।** नौकरी के लिए दूसरे गांव में जाने वाली युवती को मौहल्ले के ही युवक द्वारा की गई छेड़छाड़ की शिकायत करना भारी पड़ गया। शिकायत की रंजिश के चलते आरोपी की मां ने अपने पुत्रों और पति के साथ मिलकर उसके परिवार के साथ जमकर मारपीट की। पीड़िता ने थाने में तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है। थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी युवती ने तहरीर देते हुए बताया कि वह नौकरी के लिए पास के ही एक गांव में जाती है। आरोप है कि मौहल्ले का ही एक युवक उस पर बुरी नीयत रखता है और आते-जाते उसके साथ छेड़छाड़ करता है। पीड़िता ने बताया कि जब उसने उसकी मां से आरोपी की शिकायत की, तो उसकी मां उससे रंजिश रखने लगी। पीड़िता के अनुसार बीते बुधवार की देर शाम उसके घर पर आई हुई उसकी गर्भवती बहन को उल्टी आ गई, जिसके लिए वह बाहर गली में चली गई, जिस पर आरोपी की मां ने उसे देखकर थूकने का आरोप लगाते हुए अपने पुत्रों और पति के साथ मिलकर उसकी बहन के साथ मारपीट करनी शुरू कर दी। अपनी बहन का शोर-शराबा सुनकर वह बाहर आई और अपनी बहन को बचाने का प्रयास किया, तो आरोपियों ने उसके साथ भी मारपीट की। युवती ने आरोप लगाया कि इसके बाद आरोपी उसके घर में घुस आए और उसके विकलांग पिता के साथ भी मारपीट करने लगे। देर रात थाने पहुंची युवती ने तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है, वहीं भोपा पुलिस ने बताया कि गुरुवार को दोनों पक्षों की सहमति से आपस में समझौता हो गया है।

## प्रतापगढ़ में परिवार के तीन लोगों की संदिग्ध मौत

**प्रतापगढ़, 26 जून (वार्ता)।** उत्तर प्रदेश में प्रतापगढ़ जिले के लालगंज क्षेत्र में एक कारोबारी के परिवार के तीन सदस्यों के शव गुरुवार को घर के बंद कमरे में मिले। अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी संजय राय ने बताया है कि आज सुबह घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने पाया कि घर के अंदर से एक बच्चे के रोने की आवाज आ रही थी। घर अंदर से बंद था जिसका दरवाजा खुलवाया गया, तो अंदर एक ही बेड पर पति अंकित पटवा (26), पत्नी रिया (22) और अंकित की मां आशा पटवा (52) मृत अवस्था में पड़े थे। तीनों की नाक से झाग आ रहा था। शवों को पोस्टमार्टम रिपोर्ट के लिए भेजा गया है। रिपोर्ट मिलने पर मौत के कारणों का पता चल सकेगा। मृतक अंकित पटवा अपने ननिहाल में रहता था और कॉस्मेटिक की दुकान चलाता था।



## दुकानों के बाहर फड़ न बनने पर रोष प्रकट किया

**मुजफ्फरनगर, 26 जून (बु.)।** मुजफ्फरनगर आज नवीन मंडी स्थल पर द गुड़ खाण्डसारी एंड ग्रेन मर्चेंट एसो. के अध्यक्ष संजय मित्तल के बुलावे पर डीडीसी निर्माण खालिद हसन व मंडी समिति सचिव वीरेंद्र चंदेल को साथ लेकर नवीन मंडी स्थल स्थित तिकोना मंडी के दुकानों के बाहर फड़ न बनने पर भारी रोष प्रकट किया तथा निरीक्षण कराते हुए कहा कि काफी लंबे समय से इन फड़ों को बनवाने की मांग करते हुए आ रहे हैं। बरसात के दिनों में दुकानों के बाहर तालाब बना रहता है, जिससे दुकानों पर आने वाले व्यापारियों एवं ग्राहकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है, इस पर डीसी खालिद हसन ने कहा कि मुझे 2 महीने का समय दीजिए, इन फड़ों को जल्द से जल्द निर्माण करा दूंगा। उन्होंने अपने साथ आए उनके कार्यालय के बड़े बाबू मोहन शर्मा को इन फड़ों की नपाई करने के लिए निर्देशित किया। मंडी सचिव वीरेंद्र चंदेल ने बताया कि आपकी जो एसोसिएशन की नए वाटर कूलरों की मांग थी, 10 नए वाटर कूलर मंडी समिति में आ चुके हैं। जल्दी लगवा दिए जाएंगे तथा 100 स्ट्रीट लाइट जो आपकी मांग थी, वह भी 10 दिन में आ जाएंगी।

आवश्यकता है
अग्रवाल पैथोलॉजी लैब
कलेक्शन सेंटर के लिए
1 ट्रेंड कंपाउंडर
जो ब्लड सैंपल लेने में सक्षम हो
स्थान:- नई मंडी, बड़े डाकखाने के सामने, मुजफ्फरनगर
सम्पर्क करें :- 7455000756

आवश्यकता है
महिला चिकित्सक
गायनी (MBBS)
महिला चिकित्सक (BAMS)
रात्रि चिकित्सीय सेवा के लिए
दो ट्रेंड नर्स
ग्रेन चैम्बर अस्पताल
नई मण्डी, मुजफ्फरनगर
M.: 9927003400

REQUIRED
MOON STAR PUBLIC SCHOOL
Almaspur Chowk, Kukra Mandi Road, Muzaffarnagar
Teachers Of English, S.St. Maths & Science For Class III to VIII
Contact Immediately
Contact No. 7017173165
Principal

गैस्ट्रो सर्जरी
medanta
ओपीडी
डॉ0 विकास सिंघल
एसोसिएट डायरेक्टर
जीआई सर्जरी, जीआई ऑन्कोलॉजी एंड बेरिएट्रिक सर्जरी
इंस्टिट्यूट ऑफ डायजेस्टिव एवं हेपेटोबाइलेरी सांइसेस
जीआई सर्जरी संबंधी समस्याएं:
पित्ताशय की थैली, हर्निया, बेरिएट्रिक (वज़न घटाने) सर्जरी,
कैंसर, एसिड रिफ्लक्स/हाईटस हर्निया
लेप्रोस्कोपिक सर्जरी, रोबोटिक सर्जरी
रविवार, 29 जून, 2025
प्रातः 10:00 बजे से दोपहर 01:00 बजे तक
स्थान: सिंघल नर्सिंग होम (संतोष हॉस्पिटल),
कंपनी गार्डन के सामने, मुज़फ्फरनगर
88995 89054

नि:शुल्क सर्जिकल शिविर
आपको जानकर हर्ष होगा कि आपके शहर मुजफ्फरनगर में दिनांक 28 जून 2025, दिन शनिवार को ज्योति हॉस्पिटल, सरकुलर रोड, पर एक नि:शुल्क सर्जिकल कैंप आयोजित किया जा रहा है।
इस कैंप में मुजफ्फरनगर के मशहूर अनुभवी लेप्रोस्कोपिक सर्जन डॉक्टर सुनील कुमार गुप्ता एवं डॉक्टर सिद्धार्थ गुप्ता यूरोलॉजिस्ट एवं लैप्रोस्कोपिक सर्जन द्वारा नि:शुल्क परामर्श दिया जाएगा।
इस कैम्प में
- पित्त की थैली में पथरी, अपेंडिक्स एवं हार्नियां का परामर्श
- गुर्दे की पथरी, गुर्दे की नलकी की पथरी, मसाने की पथरी, मसाने का कैंसर, गदूद की समस्या, पेशाब की नलकी का सिकुड़ना।
- पेशाब सम्बंधित अन्य रोग, जैसे स्त्रियों में खाँसते व छींकते हुए पेशाब निकल जाना, पेशाब रूक-रूक कर आना, पेशाब बार-बार आना, पेशाब में खून आना, पेशाब की धार कमजोर होना।
- स्तन (Breast) स्त्रियों की छाती से सम्बन्धित रोग जैसे - स्तन या बगल में गाँठ होना, निप्पल से खून आना
- स्तन के आकार में बदलाव आना, निप्पल का अंदर की ओर धसना जैसे रोगो का नि:शुल्क परामर्श दिया जाएगा।
- गुदा सम्बधित रोग जैसे - बवासीर, मस्से, भगंदर, नासूर का लेजर द्वारा इलाज
निःशुल्क पी.एस.ए. गदूद के कैंसर की जाँच
ऑपरेशन पर भारी छूट
निःशुल्क यूरोफ्लोमेट्री पेशाब की धार की जाँच
स्थान : ज्योति हॉस्पिटल, सरकुलर रोड, मुजफ्फरनगर
फ्री परामर्श का समय
28 जनू 2025, शनिवार प्रातः 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक
रजिस्ट्रेशन के लिए शीघ्र सम्पर्क करें- 9319993779
रोगियों से अनुरोध है कि वे अपनी जाँच व इलाज सम्बन्धी कागज (यदि हो तो) जरूर लेकर आयें

## शोरुम से अंडरवियर चोरी का प्रयास

**मुजफ्फरनगर, 26 जून (बु.)।** थाना सिविल लाइन क्षेत्र में मेरठ रोड स्थित एक शोरुम से एक युवक ने चोरी का प्रयास किया। आरोपी ड्रेसिंग रूम से अंडरवियर चोरी कर बाहर निकल रहा था। मुख्य गेट पर लगी स्कैनिंग मशीन से बीप की आवाज आने पर उसे पकड़कर पुलिस को सौंप दिया गया। मेरठ रोड पर स्थित शोरुम में एक युवक खरीदारी करने आया था। उसे शोरुम से अंडरवीयर को लेकर ड्रेसिंग रूम में चला गया। आरोपी अंडरवियर को पहनकर ड्रेसिंग रुम से बाहर निकलकर शोरूम से बाहर जाने लगा। मुख्य गेट पर लगी स्कैनिंग मशीन से बीप की आवाज आने पर महिला गार्ड ने उसे रोकने की कोशिश की, तो उसने महिला गार्ड से अभद्रता कर दी। उसके बाद खुद ही अपनी बाइक की चाभी अपने सिर में मारकर धमकी दी। आरोपी को पकड़कर पुलिस को सौंप दिया गया है।

## कर्ज में डूबे परिवार ने खाया जहर, मां-बेटी की दर्दनाक मौत, पिता-बेटी की हालत गंभीर

**बिजनौर, 26 जून (वार्ता)** उत्तर प्रदेश के बिजनौर जिले के नूरपुर थाना क्षेत्र में मंगलवार को एक दुखद घटना घटी, जहां कर्ज से परेशान एक परिवार के चार सदस्यों ने जहर खा लिया। बताया गया कि मां और एक बेटी की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि पिता और दूसरी बेटी की हालत गंभीर बनी हुई है। यह मामला नूरपुर क्षेत्र के टेंडरा गांव का है, जहां साहूकारों से कर्ज लेकर जूझ रहे पुखराज के परिवार ने जहर खाकर जान देने की कोशिश की। इनमें मां रमेशिया और बड़ी बेटी अनीता की मौत हो गई जबकि पिता पुखराज और छोटी बेटी सुनीता को हायर सेंटर रेफर किया गया है। जानकारी के अनुसार परिवार लंबे समय से साहूकारों से लिए कर्ज और लगातार हो रहे दबाव से मानसिक तनाव में था। आर्थिक तंगी ने परिवार को इतना तोड़ दिया कि सामूहिक जहर खाने जैसा कदम उठाना पड़ा। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस के आला अधिकारी मौके पर पहुंचे। शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है और जहर खाने के कारणों की विस्तृत जांच शुरू हो गई है।

## कांगड़ा में भारी बारिश से बाढ़ आने से 20 मजदूर बहे, दो शव बरामद

**कांगड़ा, 26 जून (वार्ता)** हिमाचल प्रदेश के कांगड़ा जिला में धर्मशाला के खनियारा में इंदिरा प्रियदर्शनी जलविद्युत परियोजन स्थल पर भारी बारिश के कारण अचानक आयी बाढ़ में करीब 20 मज़दूर बह गए। जिनमें से दो के शव बरामद कर लिये गये हैं। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने इस दुर्घटना पर दुःख व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि इस हादसे में अब तक दो शव बरामद किए गए हैं और राहत एवं बचाव कार्य युद्धस्तर पर जारी है। प्रशासन को सभी आवशयक कदम उठाने के निर्देश दिए गए हैं। मुख्यमंत्री सुक्खू ने कहा, ''मैं शोक-संतप्त परिवारों के प्रति अपनी गहरी संवेदनाएं व्यक्त करता हूँ। ईश्वर से प्रार्थना है कि लापता लोग जल्द सकुशल मिलें। मैं सभी लोगों से आग्रह करता हूँ कि भारी बारिश के बीच नदी-नालों एवं खड्डों के पास जाने से बचें।'' गौरतलब है कि बुधवार को जिले में मनुनी खड्ड से दो शव बरामद किए गए, जबकि जलविद्युत परियोजना स्थल के पास एक श्रमिक कॉलोनी में रह रहे लगभग 20 श्रमिकों के खनियारा मनुनी खड्ड में जल स्तर बढ़ने के कारण बह जाने की आशंका है।

## अब शिक्षा के मैदान पर नयी पारी की शुरुआत करेंगे रिंकू सिंह

**लखनऊ 26 जून (वार्ता)** टीम इंडिया के विस्फोटक बल्लेबाज रिंकू सिंह जल्द ही शिक्षा के क्षेत्र में अपनी नयी पारी की शुरुआत कर सकते हैं। उत्तर प्रदेश सरकार की अंतरराष्ट्रीय पदक विजेता सीधी भर्ती नीति के तहत खेल विभाग ने रिंकू की बेसिक शिक्षा अधिकारी (बीएसए) के पद पर नियुक्ति का प्रस्ताव शासन को भेजा है जिसे जल्द ही मंजूरी मिलने की उम्मीद जतायी जा रही है। यूं तो रिंकू ने नौवीं कक्षा तक पढाई की है मगर उन्हे पद के लिये न्यूनतम योग्यता पूरी करने के लिये पर्याप्त समय दिया जा सकता है। इस संबंध में बेसिक शिक्षा निदेशालय ने पत्र जारी कर रिंकू सिंह से शैक्षणिक दस्तावेज और अन्य औपचारिकताएं पूरी करने को कहा है। इंडियन प्रीमियर लीग में दो साल पहले अपनी धुआंधार पारी के बाद चर्चा में आये अलीगढ़ के 28 वर्षीय रिंकू सिंह ने 2023 में आयरलैंड के खिलाफ टी20 मैच में भारत के लिये पदार्पण किया था। हाल ही उनकी सगाई जौनपुर में मछलीशहर की सांसद प्रिया सरोज से हुयी है। योगी सरकार ने रिंकू सिंह के अलावा पैरा एथलीट प्रवीण कुमार, हॉकी खिलाड़ी राजकुमार पाल, पैरा एथलीट अजीत सिंह, पैरा एथलीट सिमरन, पैरा एथलीट प्रीति पाल,एथलीट किरन बालियान को भी सरकारी पदों से नवाजा है।

**शेष खबर : सावधान मुजफ्फरनगर...**

नियंत्रण के लिए कोई प्रभावी कदम नहीं उठाया गया, तो यह शहरवासियों के लिए एक बड़ी समस्या बनकर सामने आएगा, वैसे अभी भी यह डागबाइट करते हुए लोगों को परेशान ही करने का काम कर रहे हैं। शहर की गली-मौहल्लों में आवारा कुत्तों का झुंड देखा जा सकता है। कई चौक-चौराहें में कुत्तों का झुंड आक्रमक होता है, जो बाइक सवार, पैदल राहगीर या चारपहिया वाहनों के पीछे दौड़ते हैं, इसकी वजह से कई बार दुर्घटना का शिकार भी होते हैं। यह हाल शहर व ग्रामीण अंचल दोनों जगहों में है। शहर के लगभग हर गली में आवारा कुत्ते मिलते है, जो झुंड बनाकर रहते है और किसी पर हमला करते है तो अकेले नहीं करते है बल्कि कई कुत्ते एक साथ हमला करते है, ऐसे में डागबाइट से बचना संभव नहीं हो पाता है। कुत्ते भी ज्यादातर बुजुर्ग, महिलाएं और छोटे बच्चों को काटते है, क्योंकि हमला होने की दशा में यह जल्द से जल्द भाग नहीं पाते है और डागबाइट का शिकार हो जाते है। अस्पताल पहुंचने वाले अस्सी फासदी से ज्यादा मामलों में बुजुर्ग, महिला और बच्चे ही इलाज के लिए अस्पताल पहुंचते है। अब देखना ये है कि नगर पालिका प्रशासन कोई ठोस कदम उठाता है या फिर किसी बड़ी अनहोनी का इंतजार करता है।

# चुनाव आयोग ने 345 पंजीकृत गैर-मान्यता प्राप्त दलों को सूची से हटाया

**नयी दिल्ली, 26 जून (वार्ता)** चुनाव आयोग ने ऐसे 345 पंजीकृत गैर-मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों की पहचान कर उनको




सूची से हटाने का काम शुरु कर दिया है जो पिछले छह वर्षों में एक भी चुनाव लड़ने की आवशयक शर्त को पूरा करने में विफल रहे हैं।मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार की अध्यक्षता में चुनाव आयुक्त डॉ. सुखबीर सिंह संधू और डॉ. विवेक जोशी ने मिलकर 345 पंजीकृत गैर-मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों को सूची से हटाने की कार्यवाही शुरू कर दी है। इस दायरे में वे सभी राजनीतिक दल होंगे जो 2019 से कहीं भी सक्रिय नहीं हैं। ये सभी पंजीकृत गैर-मान्यताप्राप्त दल देश के विभिन्न राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में मौजूद हैं। आयोग ने कहा है कि उसके संज्ञान में आया है कि वर्तमान में आयोग के पास 2,800 से अधिक पंजीकृत गैर मान्यताप्राप्त दल हैं जो शर्तों को पूरा नहीं करते हैं लेकिन उसने देशव्यापी अभियान चलाकर अब तक 345 ऐसे दलों की पहचान की गई है जो सूची में बने रहने के पात्र नहीं हैं। यह सुनिश्चित करने के लिए कि कोई भी पार्टी अनुचित रूप से सूची से बाहर न हो जाए, संबंधित राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों के चुनाव अधिकारियों को ऐसे दलों को कारण बताओ नोटिस जारी करने को कहा गया है और ऐसे दलों को सुनवाई के लिए एक मौका दिया जाएगा। आयोग ने कहा है कि उसने यह कदम ऐसी पार्टियों को सूची से हटाने के उद्देश्य से किया है, जिन्होंने 2019 के बाद से कोई भी लोकसभा या राज्य अथवा केंद्र शासित प्रदेशों की विधानसभा या उपचुनाव नहीं लड़ा है और जिन्हें भौतिक रूप से भी नहीं पहचाना जा सका है। इस प्रक्रिया में पहले चरण में इन 345 दलों की पहचान की गई है।

## खाली प्लॉट में पड़ा था नीला ड्रम, आ रही थी बदबू, खोलकर देखा तो मिला हाथ-पैर बंधा शव

**लुधियाना, 26 जून (एजेंसी)।** पंजाब के लुधियाना के शेरपुर चौक के पास एक नीले ड्रम से एक शव बरामद हुआ। शव के हाथ पैर रस्सी से बांधे गए थे और नीले ड्रम के अंदर शव को पहले एक बोरे में बंद करके रखा गया था। इसके बाद ड्रम में डालकर उसे एक खाली पड़े प्लॉट में फेंका गया था। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। इस शव की जानकारी बुधवार को खाली पड़े प्लॉट के आसपास रहने वाले लोगों ने पुलिस को दी। लोगों ने बताया कि कई दिन से खाली प्लॉट से बदबू आ रही थी। ड्रम के पास जाकर देखा तो ये बदबू ड्रम के अंदर से ही आ रही थी। लोगों ने ड्रम को खोलकर देखा। उसके अंदर एक बोरा था, जिसमें एक व्यक्ति के पैर नजर आ रहे थे। लोगों ने इसकी जानकारी पुलिस को दे दी। पुलिस मौके पर पहुंची और ड्रम के अंदर देखा, तो उसके अंदर बोरे में एक व्यक्ति के हाथ-पैर बंधा शव था। शव की शिनाख्त अभी तक नहीं हो पाई है कि ये मृत व्यक्ति कौन है, लेकिन पुलिस मामले की जांच में जुट गई है और पता लगाने की कोशिश कर रही है कि ये शव किस का है और किस ने इस ड्रम को खाली प्लॉट में फेंका। थाना डिवीजन 6 की पुलिस ने ड्रम से शव निकालकर अपने कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम के लिए सिविल अस्पताल की मोर्चरी में रखवा दिया। अब शव की पहचान और मामले की जांच के लिए पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे खंगाल रही है।

# जम्मू में बादल फटने के बाद आयी बाढ़, तीन लोगों की मौत, छह को बचाया



**जम्मू, 26 जून (वार्ता)** जम्मू-कश्मीर में जम्मू सहित विभिन्न क्षेत्रों में बादल फटने और भारी बारिश के कारण अचानक आई बाढ़ में कम से कम तीन लोगों की मौत हो गयी और अन्य छह को बचा लिया गया है।

अधिकारियों ने बताया कि राजौरी, पुंछ, कठुआ और डोडा जिलों के कुछ हिस्सों में गुरुवार को भारी बारिश और बादल फटने से एक किशोर समेत तीन लोगों की मौत हो गई। राजौरी जिले के कालाकोट के सियालसुई मौ गांव में बाढ़ में शकफत अली (14) और उसकी चचेरी बहन सफीना कौसर (11) बह गए। ये दोनों मवेशी चरा रहे थे। उन्होंने बताया कि राज्य आपदा मोचन बल (एसडीआरएफ) की बचाव टीम ने एक व्यक्ति बशारत हुसैन (32) के शव को भी बरामद किया है। बशारत 23 जून को डोडा जिले में नहाते समय डूब गया था। उन्होंने बताया कि एसडीआरएफ ने साइमा (10) को भी बचा लिया और उसे नौशेरा के अस्पताल में भर्ती कराया गया। अधिकारियों ने बताया कि कठुआ और पुंछ में उझ नदी में फंसे कुछ लोगों को भी बचाया गया। ये लोग ऊंचे इलाकों और मैदानी इलाकों में भारी बारिश के कारण नदी का जलस्तर बढ़ने के कारण फंस गए थे। इस बीच प्रशासन ने जलाशयों के पास तैराकी, नहाने, मछली पकड़ने और स्कूली पिकनिक पर प्रतिबंध लगा दिया है। जम्मू-कश्मीर मौसम विभाग ने अगले 24 घंटों में प्रदेश के कुछ हिस्सों में भारी बारिश होने का अनुमान जताया है।

# अनियंत्रित वाहन खाई में गिरने से तीन की मौत

**देहरादून, 26 जून (वार्ता)** उत्तराखंड के देहरादून जिले कालसी क्षेत्र में गुरुवार सुबह एक अनियंत्रित वाहन के गहरी खाई में जाने से उसमें सवार तीन व्यक्तियों की मौके पर ही मृत्यु हो गई जबकि एक अन्य को घायल अवस्था में बचाया गया है।

राज्य आपदा मोचन बल (एसडीआरएफ) प्रवक्ता ने बताया कि आज कंट्रोल रूम के माध्यम से थाना कालसी अंतर्गत, जज रेट सहिया के पास एक वाहन गहरी खाई में गिरने की सूचना पर रेस्क्यू टीम मौके पर पहुंची। जहां एक कार जज रेट के पास दुर्घटनाग्रस्त होकर लगभग 400 मीटर गहरी खाई में गिर गयी थी। मृतकों की पहचान प्रियांशु चौहान (22) पुत्र जय प्रकाश चौहान, निवासी ग्राम भाऊवाला, सेलाकुई, दीपक सती (25) पुत्र कुलानंद सती, निवासी गढ़वाली कॉलोनी, भाऊवाला, थाना सेलाकुई, और मुकेश राणा (21) पुत्र टीकम सिंह राणा, निवासी कोटी कनासर के रूप में की गयी है। तीनों के शव निकालकर विकासनगर स्थित मोर्चरी भिजवाए गए हैं। जबकि वाहन सवार एक अन्य मयंक चौहान पुत्र चमन सिंह चौहान, निवासी ग्राम मटियावा, थाना चकराता, देहरादून को घायल अवस्था में खाई से बाहर निकालकर उपचार के लिए नजदीकी अस्पताल भिजवाया गया है।



# इटावा चोटी कांड : सीएम योगी ने एसएसपी को लगाई फटकार, बोले- उत्तर प्रदेश में जातीय हिंसा बर्दाश्त नहीं

**लखनऊ, 26 जून (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इटावा के बहुचर्चित चोटी कांड को लेकर जिले के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) बृजेश कुमार श्रीवास्तव को कड़ी फटकार लगाई है। इटावा के बकेवर थाना क्षेत्र में यादव और दलित कथावाचकों के साथ मारपीट और उनके सिर मुंडाने की शर्मनाक घटना ने पूरे प्रदेश में हड़कंप मचा दिया है। सीएम ने इसे जातीय हिंसा को बढ़ावा देने की साजिश करार देते हुए पुलिस की नाकामी पर नाराजगी जताई। मुख्यमंत्री ने इटावा के साथ-साथ औरैया और कौशांबी जिलों के पुलिस अधीक्षकों को भी जमकर डांटा, जहां हाल के दिनों में इसी तरह की घटनाएं सामने आई हैं। सभी जिलों के डीएम और एसपी के साथ एक उच्चस्तरीय बैठक में सीएम योगी ने सख्त लहजे में कहा, ह्वजिस जिले में ऐसी घटनाएं होंगी, वहां के अधिकारियों पर कड़ी कार्रवाई होगी। यूपी में जातीय हिंसा और अराजकता को किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।ह्व सीएम ने सावन में होने वाली कांवड़ यात्रा और मोहर्रम के जुलूस को लेकर भी स्पष्ट निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कांवड़ यात्रा में कोई भड़काऊ नारा या नई परंपरा शुरू नहीं होनी चाहिए।

डीजे की आवाज तय मानकों के अनुरूप हो और भीड़ में असामाजिक तत्वों की घुसपैठ को रोकने के लिए कड़े इंतजाम किए जाएं। साथ ही, मोहर्रम में ताजिया की ऊंचाई नियमों के अनुसार हो और जुलूस के लिए किसी नए रूट की अनुमति नहीं दी जाए। घटना 21 जून को इटावा के बकेवर थाना क्षेत्र के दादरपुर गांव में हुई, जहां एक भागवत कथा का आयोजन चल रहा था। कथावाचक मुकुट मणि और आचार्य संत सिंह पर कुछ ग्रामीणों ने उनकी जाति को लेकर आपत्ति जताई। आरोप है कि कथावाचकों ने खुद को ब्राह्मण बताया, जबकि वे अन्य जाति से थे। इसी बात को लेकर विवाद बढ़ा और कुछ लोगों ने कथावाचकों के साथ मारपीट की। इतना ही नहीं, उनकी मर्जी के खिलाफ उनकी चोटी काट दी गई। इस अमानवीय कृत्य का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया, जिसके बाद मामला तूल पकड़ गया। वीडियो वायरल होने के बाद क्षेत्र में तनाव फैल गया। धार्मिक संगठनों और स्थानीय लोगों ने घटना की कड़ी निंदा करते हुए दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। एसएसपी बृजेश कुमार श्रीवास्तव ने मामले को गंभीरता से लिया और सोशल मीडिया मॉनिटरिंग सेल को त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए। पुलिस ने पीड़ित कथावाचकों की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर चार आरोपियों—आशीष (21), उत्तम (19), प्रथम उर्फ मनु (24) और निक्की (30)—को गिरफ्तार कर लिया। निक्की पर चोटी काटने का मुख्य आरोप है। सीएम योगी ने इस घटना को लेकर साफ कहा कि यूपी में कानून का राज स्थापित करना उनकी प्राथमिकता है। उन्होंने अधिकारियों को चेतावनी दी कि ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो, अन्यथा जिम्मेदार अधिकारियों को गंभीर परिणाम भुगतने होंगे। इस घटना ने एक बार फिर जातीय तनाव और सामाजिक सौहार्द को बनाए रखने की चुनौती को उजागर कर दिया है।

# सुव्यवस्था का मॉडल बना गाजियाबाद: योगी

**गाजियाबाद, 26 जून (वार्ता)** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को कहा कि जिस गाजियाबाद के नाम पर कभी अपराध और गैंगवार की फिल्में बनती थीं। आज वह गाजियाबाद विकास, स्वच्छता व सुव्यवस्था का मॉडल बनकर उभर रहा है। उन्होने यहां पत्रकारों से कहा कि दुनिया की 50 और प्रदेश की पहली स्वच्छ सिटी के रूप में गाजियाबाद का नाम आ रहा है। दस वर्ष पहले कोई सोचता नहीं था कि जिला 12 लेन के ग्रीनफील्ड एक्सप्रेसवे के साथ जुड़ेगा और देश की पहली रैपिड रेल गाजियाबाद से होकर जाएगी, लेकिन आज यह सब कुछ हो गया। आज गाजियाबाद के पास रैपिड रेल, 12लेन हाईवे, मेट्रो, एयरपोर्ट भी है।

मुख्यमंत्री ने इससे पहले कैलाश मानसरोवर यात्रा पर जा रहे जत्थे को शुभारंभ किट उपलब्ध कराया और उनके सुखद-मंगलमय यात्रा की कामना की। उन्होने कहा कि देवाधिदेव महादेव से प्रार्थना करता हूं कि इन सब पर कृपा बनी रहे। दर्शन करके आने वाले सभी यात्रियों को यूपी सरकार की तरफ से एक-एक लाख रुपये की सहायता दी जाएगी। कैलाश मानसरोवर भवन हमने यात्रियों की सुविधा के लिए स्थापित किया था। आज 200 से अधिक श्रद्धालु इस भवन में आकर यात्रा का हिस्सा बनने जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि



आज प्रात:कालीन सत्र में गाजियाबाद आया। यहां सेंटर इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड की स्वर्ण जयंती कार्यक्रम हिस्सा बना। केंद्रीय मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह के साथ ग्रीन फील्ड डेटा सेंटर का शिलान्यास किया। सीईएल पहले घाटे का प्रतिष्ठान बन चुका था, लेकिन अब डिस इन्वेस्टमेंट से बचकर प्रॉफिट देने वाला भारत के मिनी रत्न प्रतिष्ठानों में से एक बन चुका है। मुख्यमंत्री ने कहा कि गाजियाबाद अब ग्रेटर गाजियाबाद के रूप में नई यात्रा को प्रारंभ कर रहा है। यहां सभी संस्थाओं ने अच्छे कार्य किए हैं। ग्रेटर गाजियाबाद की दृष्टि से कुछ नए इनेसेटिव आगे बढ़ाने के साथ ही खोड़ा, लोनी, मुरादनगर को गाजियाबाद नगर निगम का हिस्सा बनाने और इसके वृहद विकास की कार्ययोजना बनाने को कहा है। इंटीग्रेटेड ऑफिस कॉम्प्लेक्स यानी सभी जनपदीय मुख्यालयों को एक छत के नीचे लाने और पुलिस कमिश्नरेट कार्यालय के जरिए मुख्यालय के रूप में सुरक्षा व बेहतरीन कानून व्यवस्था पर भी चर्चा हुई। उन्होंने कहा कि बाबा दुग्धेश्वरनाथ मंदिर कॉरिडोर निर्माण समेत विकास-बुनियादी सुविधाओं से जुड़े कार्यक्रमों पर भी चर्चा हुई। स्टेडियम बनाने के लिए बीसीसीआई ने बहुत पहले यहां जमीन ली थी, लेकिन काम आगे नहीं बढ़ा। गाजियाबाद विकास प्राधिकरण से कहा गया कि उस लैंड का प्रयोग करे और स्टेडियम बनाकर उसका संचालन करे। नागरिक अब मानसरोवर भवन, उत्तराखंड भवन या पूर्वांचल भवन का उपयोग शुरू करे। जीडीए व नगर निगम से कहा है कि इसका मॉडल बनाकर भेजें, जिससे इसे ठीक ढंग से आगे बढ़ाया जा सके। सीएम ने कहा कि कुछ वर्षों में उठाए गए कदम के कारण गाजियाबाद में ग्रीनरी का लेवल बढ़ा है। यह सुंदर सिटी के रूप में आगे बढ़ी है। यहां कूड़े के ढेर समाप्त हुए और मियावाकी, सिटी फॉरेस्ट के रूप में नया मॉडल देखने को मिल रहा है।

# एक माह पूर्व बना नाला बारिश ने किया ध्वस्त

### गांव लोई में लगे गंदगी के ढेर, ग्रामीण परेशान

**बुढ़ाना, 26 जून (बु.)।** ब्लॉक क्षेत्र के गांव लोई का नाला एक महीने पहले ही गांव के प्रधान के द्वारा बनाया गया था, जिसको इस मानसून की पहली बारिश ने ध्वस्त कर ग्राम प्रधान के विकास कार्यो की पोल खोलकर रख दी, क्योंकि आरोप के मुताबिक इसमें ग्राम प्रधान ने घटिया सामग्री लगाई हुई थी। इसको लेकर सैकड़ों ग्रामीणों में ग्राम प्रधान के इस विकास कार्य को लेकर जबरदस्त रोष बना हुआ है और वे एसडीएम बुढ़ाना से इस नाले में हुए कार्य की जांच की मांग कर रहे हैं। अब इस नाले के टूट जाने से अगर इस बार फिर से बारिश होती है, तो नाले में जाने वाला गांव की निकासी का सारा पानी सड़क पर आ जाएगा और फिर आने जाने वाले ग्रामीणों को भारी असुविधा उठानी पड़ेगी। इसके अलावा गांव में बने इस नाले के आसपास भी गंदगी के बड़े-बड़े ढेर लगे हैं और आने जाने वाले ग्रामीणों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। इस बारे में ग्रामीण इन पिछले साढ़े चार सालों मे समय-समय पर ग्राम प्रधान को कह चुके हैं, लेकिन गांव के प्रधान ने इस समस्या की तरफ कोई भी ध्यान नहीं दिया है। अब ग्रामीण साफ तौर पर यह भी कहने लगे हैं कि इस प्रधान को जिताना हमारी सबसे बड़ी भूल रही। इस बार हम ऐसे प्रधान का चुनाव करेंगे, जो गांव की समस्याओं का निस्तारण कर सके।

**शेष खबर : कांवड़ यात्रा मार्ग पर...**

परिवर्तन न किया जाए। ताजिया, रथ या कांवड़ यात्रा में प्रयुक्त म्युजिक सिस्टम की ऊंचाई भी नियत सीमा से अधिक नहीं होनी चाहिए। किसी शोभायात्रा के लिए पेड़ न काटा जाए, झुग्गियां या गरीबों का आश्रय न उजाड़ा जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि कांवड़ यात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु सम्मिलित होते हैं, जिनमें भेष बदलकर अराजक तत्वों के शामिल होने की आशंका बनी रहती है। इसलिए सभी जिलों को सतर्क रहने की जरूरत है। उन्होंने थाना, हल्का और चौकी स्तर पर स्थानीय प्रशासन कांवड़ संघों के साथ संवाद बनाने के निर्देश भी दिए। कहा, श्रद्धालुओं की धार्मिक भावनाओं का सम्मान सर्वोपरि है, लेकिन किसी शरारती तत्व को अवसर नहीं मिलना चाहिए। निर्देश दिए कि कांवड़ यात्रा मार्ग पर कहीं भी खुले में मांस की बिक्री न हो। यात्रा मार्गों की स्वच्छता, प्रकाश व्यवस्था, पेयजल, शौचालय व प्राथमिक चिकित्सा की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। जर्जर बिजली के पोल और लटकते तारों की मरम्मत यात्रा शुरू होने से पहले करा ली जाए। यात्रा को लेकर शिविर लगाने वाली संस्थाओं का सत्यापन कर उनके सहयोग से जनसुविधा केंद्र संचालित किए जाएं।

# मोबाइल टावरों से कीमती उपकरण चोरी करने वाले गैंग का एक सदस्य गिरफ्तार

**मुजफ्फरनगर, 26 जून (बु.)।** तितावी व क्राइम ब्रांच की संयुक्त टीम ने मोबाइल टावरों से कीमती उपकरण चोरी करने वाले गैंग के एक सदस्य को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके पास से 60 लाख की कीमत के बीबीयू यूनिट व आरआरयू यूनिट बरामद की है। गिरफ्तार आरोपी के अन्य साथियों की तलाश में पुलिस टीम लगी हुई है। यह गैंग यूपी व हरियाणा में मोबाइल टावरों से कीमती सामान चोरी करते थे।

एसएसपी संजय कुमार वर्मा ने पुलिस लाइन में प्रेसवार्ता करते हुए बताया कि माह जनवरी व फरवरी में तितावी और बुढ़ाना थाना क्षेत्र में मोबाइल टावरों से कीमती बीबीयू व आरआरयू यूनिट चोरी हो गए थे, जिनकी कीमत लाखों में आंकी गयी थी। दोनों चोरी की घटनाओं के खुलासा के लिए पुलिस टीम को लगाया गया था। देर रात तितावी थाना प्रभारी मानवेन्द्र सिंह भाटी ने पुलिस व क्राइम ब्रांच के साथ धोलरा फ्लाईओवर के पास से एक संदिग्ध कार को रोक लिया। कार से पुलिस ने शाहनवाज निवासी मालवीय नगर कॉर्नर वाली मार्केट नई दिल्ली को गिरफ्तार कर लिया, जबकि उसका साथी शाहनवाज उर्फ सोनू निवासी गीतापुरी भूड़ थाना खतौली मौके से फरार हो गया। पुलिस ने कार से 15 बीबीयू यूनिट व 1 आरआरयू यूनिट को बरामद किया है। बरामद सामान की कीमत लगभग 60 लाख रुपए है। एसएसपी ने बताया कि यह गैंग यूपी व हरियाणा के कई जिलों से मोबाइल टावरों से कीमती सामान चोरी की घटनाओं को अंजाम दे चुके हैं। गैंग में कई सदस्य शामिल हैं। चोरी किए सामान को दिल्ली में बेचकर अवैध रूप से आर्थिक लाभ कमाते थे। गिरफ्तार बदमाश ने तितावी व बुढ़ाना में हुई चोरी की घटनाओं को इकबाल किया है। एसएसपी ने गिरफ्तार करने वाली टीम को 15 हजार रुपए का इनाम देने की घोषणा की है।




# पाकिस्तान से आयातित 9 करोड़ रुपये के 1,115 टन माल वाले 39 कंटेनर जब्त

**नयी दिल्ली 26 जून (वार्ता)** राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआई) ने पाकिस्तान में तैयार की गई सामग्रियों के अन्य देशों, मुख्य रूप से दुबई, संयुक्त अरब अमीरात के रास्ते से अवैध आयात को लक्षित करते हुए ऑपरेशन डीप मैनिफेस्ट नामक एक अभियान में अब तक लगभग 9 करोड़ रुपये मूल्य के 1,115 टन माल ले जाने वाले 39 कंटेनर जब्त किए गए हैं और एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है।

पहलगाम आतंकी हमलों के बाद सरकार ने 2 मई, 2025 से पाकिस्तान से आने वाले या वहां से निर्यात किए जाने वाले माल के प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष आयात या पारगमन पर व्यापक प्रतिबंध लगा दिया था। पहले, ऐसे माल पर 200 प्रतिशत सीमा शुल्क लगता था। इन कड़े उपायों के बावजूद, कुछ आयातक माल की उत्पत्ति के बारे में गलत जानकारी देकर और संबंधित शिपिंग दस्तावेजों में हेराफेरी करके सरकारी नीति को दरकिनार करने का प्रयास करते हैं जो आयात नीति की शर्तों और पाकिस्तान में तैयार की गई सामग्रियों के प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष आयात या पारगमन पर सरकार द्वारा लगाए गए प्रतिबंधों का उल्लंघन है। आयात करने वाली एक फर्म के एक भागीदार को गुरूवार को गिरफ्तार किया गया।

दो अलग-अलग मामलों में, ये खेप न्हावा शेवा बंदरगाह पर जब्त की गई थी। इन खेपों को गलत तरीके से संयुक्त अरब अमीरात से आयातित बताया गया था, जबकि इन सामग्रियों को मूल रूप से पाकिस्तान में तैयार किया गया था। जांच से पता चला कि ये सामान वास्तव में पाकिस्तान से आया था और इन्हें भारत में आयात करने के लिए दुबई के रास्ते भेजा गया था। जांच से पता चला कि माल को शुरू में पाकिस्तान से दुबई एक कंटेनर और जहाज पर ले जाया गया था और बाद में भारत जाने वाले दूसरे कंटेनर और जहाज पर ले जाया गया। माल की आगे की जांच और अब तक की गई जांच के दौरान एकत्र किए गए दस्तावेजों के विश्लेषण से कराची बंदरगाह, पाकिस्तान से कार्गो की आवाजाही के मार्ग और दुबई के जबल अली बंदरगाह पर ट्रांसशिपमेंट का पता चला, जो भारतीय बंदरगाहों के रास्ते में था। इसके अलावा, पाकिस्तानी संस्थाओं के साथ धन हस्तांतरण/वित्तीय संबंधों का पता लगाया गया, जिससे अवैध वित्तीय प्रवाह के बारे में गंभीर चिंताएं पैदा हुईं। पूरी कार्यप्रणाली पाकिस्तानी और संयुक्त अरब अमीरात के नागरिकों को शामिल करते हुए लेन-देन के एक जटिल जाल के माध्यम से संचालित की गई थी, जिसका उद्देश्य माल की वास्तविक उत्पादक यानी पाकिस्तान को छिपाना था। ऑपरेशन सिंदूर के संदर्भ में और मौजूदा सुरक्षा माहौल को ध्यान में रखते हुए डीआरआई ने पाकिस्तान से आने वाली खेपों को निशाना बनाने के लिए खुफिया जानकारी जुटाने और डेटा विश्लेषण के माध्यम से अपनी निगरानी बढ़ा दी। इस सक्रिय निगरानी के परिणामस्वरूप इस अत्यधिक मूल्य वाली खेप की जब्ती हुई।

# राजस्व विभाग की टीम ने सरकारी रास्ते पर किए गए अवैध निर्माण पर बुलडोजर चलवाया

### ▶▶ नायब तहसीलदार के नेतृत्व में राजस्व टीम ने अवैध निर्माण ध्वस्त कराया

**मीरापुर, 26 जून (बु.)।** गांव रसूलपुर गढ़ी में सरकारी रास्ते की भूमि पर कुछ लोगों द्वारा अवैध कब्जा किए जाने की शिकायत पर नायब तहसीलदार ने राजस्व विभाग की टीम व पुलिस के साथ मौके पर पहुँचकर रास्ते की भूमि की पैमाइश कराकर अवैध कब्जे को बुलडोजर चलवाकर ध्वस्त करा दिया। राजस्व विभाग की टीम ने दलितों को आवंटित पट्टे की भूमि को बिना अनुमति खरीदकर उस पर निर्माण करने वाले दो व्यक्तियों के अवैध निर्माण को भी बुलडोजर से ध्वस्त करा दिया। राजस्व विभाग की कार्यवाही से कब्जाधारियों में हड़कंप मच गया।

नायब तहसीलदार विपिन चौधरी ने बताया कि दिल्ली-पौड़ी राजमार्ग से गांव रसूलपुर गढ़ी जाने वाले मार्ग पर खसरा नंबर 23 व 298 सरकारी भूमि के रूप में दर्ज है जो कि रास्ते के नम्बर हैं तथा उक्त मार्ग करीब 48 फुट चौड़ा है, किन्तु उक्त रास्ते की भूमि पर कुछ लोगों ने अवैध निर्माण कर रास्ते को संकरा कर कब्जा कर लिया था। इसके साथ ही इसके बराबर में स्थित खसरा नंबर-62 म दलित तोताराम के नाम आवंटित पट्टा है, जिसे मुजफ्फरनगर निवासी एक प्रभावशाली व्यक्ति व एक डग संचालक ने बिना अनुमति के अवैध तरीके से दलित से खरीद लिया, जिसके उपजिलाधिकारी न्यायालय जानसठ में वाद चल रहा है, किन्तु इसके बावजूद भी उक्त लोगों ने इस भूमि पर अवैध निर्माण कर लिए है। राजस्व निरीक्षक संजीव शर्मा ने बताया कि अवैध निर्माण करने वाले सभी लोगों को निर्माण न करने के लिए नोटिस दिए गए थे तथा मौखिक रूप से भी निर्माण कार्य न करने की चेतावनी दी थी, किन्तु इसके बाद भी उक्त लोगों ने यहाँ पक्का निर्माण कर लिया। लगातार मिल रही शिकायत पर गुरुवार को नायब तहसीलदार विपिन चौधरी, राजस्व निरीक्षक संजीव शर्मा, लेखपाल ओमबीर सिंह टीम व भारी पुलिसबल के साथ मौके पर पहुँचे और बुलडोजर चलवाकर समस्त अवैध निर्माण धराशायी करा दिया। राजस्व विभाग का बुलडोजर चलते ही अवैध कब्जाधारियों में हड़कम्प मच गया। कब्जा हटाने की कार्यवाही के दौरान राजस्व निरीक्षक संजीव शर्मा ने कब्जाधारियों को कड़ी चेतावनी दी तथा भविष्य में पुनः निर्माण करने पर मुकदमा दर्ज कराने को कहा।



## गोदाम स्वामी ने लगाए गंभीर आरोप





मीरापुर के रसूलपुर में सरकारी भूमि पर किये गए अवैध निर्माण को ध्वस्त कराते नायाब तहसीलदार व राजस्व टीम

**मीरापुर।** रसूलपुर मार्ग पर मीरापुर निवासी नलिन वर्मा का गोदाम है, जिसके काफी हिस्से को भी राजस्व विभाग की टीम ने अवैध निर्माण बताते हुए बुलडोजर से ध्वस्त करा दिया। नलिन वर्मा ने राजस्व विभाग की टीम पर गंभीर आरोप लगाते हुए बताया कि राजस्व विभाग की टीम ने उनको कोई नोटिस अवैध निर्माण के सम्बंध में नहीं दिया। यदि टीम उन्हें जानकारी देती, तो वह स्वयं निर्माण हटा देते, किन्तु राजस्व टीम ने उन्हें सूचित किये बिना ही उनके प्लाट में बनी दीवार को ध्वस्त कराया है, जो नियम विरुद्ध है। वह कानूनी लड़ाई लड़ेंगे।

## खतौली में बंद मकान के ताले तोड़कर लाखों रुपये की चोरी

**खतौली, 26 जून (बु.)।** बंद मकान के ताले तोड़कर लाखों रुपये का सामान चोरी कर बदमाशों ने पड़ोसियों द्वारा विरोध किये जाने पर तमंचे से गोली चलाकर हड़कम्प मचा दिया। मिली जानकारी के अनुसार नगर क्षेत्र के गांव मोहद्दीनपुर निवासी अनवर किसी होटल पर कार्य करता है। रात्रि में जब अनवर रात्रि में होटल पर गया हुआ था, वहीं उसकी पत्नी अपने मायके गयी थी। रात्रि में अज्ञात बदमाश बंद मकान के ताले तोड़कर चोरी के इरादे से मकान में घुस गए। बताया जाता है कि रात्रि में अनवर के मकान में कुछ आवाजें सुनकर पड़ोसी ने तत्काल अनवर के परिजनों को उनके मकान में चोरों के घुसने की जानकारी दी तथा पड़ोसी शोएब व अमजद ने जब अपने मकान से निकलकर अनवर के मकान में चोरी कर-के जा रहे बदमाशों को रोकने का प्रयास किया, तो आरोप है कि बदमाशों ने तमंचे से फायर कर दिया। गनीमत यह रही कि सामने दीवार में लगी। चोरी की वारदात की सूचना पर मौके पर लोगों की भीड़ जुट गयी। पीड़ित अनवर ने घटना के सम्बंध में तहरीर देकर बदमाशों की गिरफ्तारी की गुहार लगाई है। आरोप है कि बदमाश मकान से नकदी, जेवर सहित लाखों रुपये का सामान चोरी कर ले गए हैं।